# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 1 फरवरी 2024


# स्टूडेन्ट के स्कूल/कॉलेज का फर्स्ट हॉफ महत्वपूर्ण होता है परंतु उसके घर वाला सेकण्ड हॉफ ज्यादा महत्वपूर्ण होता है - आर्या सर

रायपुर ।। हमारे संवाददाता के अनुसार रायपुर में न्यू राजेन्द्र नगर स्थित द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल, (सीबीएसई मान्यता प्राप्त) बेहतरीन परीक्षा परिणाम के कारण पूरे छत्तीसगढ़ में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल से हर वर्ष आईआईटी, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों का चयनित होना, 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में बहुत सारे बच्चों का 90 प्रतिशत से अधिक नम्बरों का आना, खेलकूद, डांस, म्यूजिक इत्यादि में स्कूल के बच्चों का राष्ट्रीय/ अन्तर्राष्ट्रीय/राज्य स्तर में चयन होना तथा बहुत से बच्चे जो स्कूल से पास होकर चले गये हैं उनका बहुत सारी परीक्षाओं में चयन होना ही द्रोणाचार्य स्कूल की तरफ बच्चों एवं पालकों को आकर्षित करता है। द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आर्या सर से स्कूल के शानदार रिजल्ट आने का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा कि स्टूडेन्ट के स्कूल/कॉलेज का फर्स्ट हॉफ महत्वपूर्ण होता है परंतु उसके घर वाला सेकण्ड हॉफ ज्यादा महत्वपूर्ण होता है क्योंकि स्कूल बच्चों को सिखाता एवं समझाता है पर यदि वह घर जाकर प्रैक्टिस करता है तभी एक्सपर्ट बनता है इसलिए किसी बच्चे के शानदार रिजल्ट के पीछे स्कूल के साथ साथ पालकों की भूमिका भी बहतु महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि पालकों का सेकण्ड हॉफ में बच्चों के लिए अनुकूल माहौल बनाना होता है। आर्या सर के अनुसार यदि बच्चों को घर में पढ़ाई का उचित माहौल नहीं मिलता है तो द्रोणाचार्य स्कूल में सेकण्ड हॉफ में भी बच्चों के सेल्फ स्टडी के लिए लायब्रेरी के साथ एक्सपर्ट टीचर्स की क्लासेस की सुविधा दी जाती है।

## द्रोणाचार्य स्कूल के आस-पास स्टूडेंट्स हब बनने जा रहा है।

बच्चे कोई भी कॉम्पिटेटिव एक्जाम के लिए यदि तैयारी करना चाहते हैं तो उसके लिए भी स्कूल के सामने एक्सपर्ट टीचर्स की फेमस कोचिंग उपलब्ध है। द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल में एक्सपर्ट कोच के साथ म्यूजिक, डांस, आर्ट एवं क्राफ्ट, स्पोर्टस में इनडोर गेम, बैडमिंटन, टीटी, बिलियर्डस, जिम एवं आउटडोर गेम में, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, व्हालीबॉल, स्वीमिंग पुल जैसै बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध है। सेकण्ड हॉफ में भी बच्चे प्रैक्टिस कर एक्सपर्ट बनने के लिए इन एक्सपर्ट कोच से शाम को ट्रेनिंग लेते हैं, द्रोणाचार्य स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर प्रकार की सुविधाएं एक्सपर्ट फेकल्टी एवं कोच के साथ योजना बद्ध तरीके से क्रियान्वित करता है। जो बच्चे स्कूल के साथ आईआईटी, नीट जैसी कॉम्पटेटिव एक्जाम की तैयारी या खेलकूद इत्यादि में आगे बढ़ना चाहता है तो स्कूल में तत्काल एडमिशन लेना चाहिए । द्रोणाचार्य स्कूल में लिमिटेड सीट होने के कारण एडमिशन बहुत जल्द बंद हो जाते है। स्कूल के पास में हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है और स्कूल के आस पास कई घरों में स्कूल के बच्चे पीजी बनकर रहते हैं। स्कूल में एडमिशन के लिए 9827407344 संपर्क कर सकते हैं ।

## आजकल बच्चों में आईआईटी / नीट परीक्षा के साथ-साथ एनडीए की परीक्षा देने का ट्रेंड चल रहा है

रायपुर ।। हमारे संवाददाता के अनुसार 11वी एवं 12वीं के बच्चे आईआईटी, नीट जैसी परीक्षा की तैयारी पूरे साल भर करते हैं, परंतु कॉम्पटिशन टफ होने के कारण यदि सलेक्शन नहीं हो पाता है, तो अधिकतम बच्चे डिप्रेशन में आ जाते हैं, इसीलिए बच्चे समझदारी के साथ सेम सिलेबस वाले अन्य परीक्षा भी देने लगे हैं।



रायपुर के न्यू राजेन्द्र नगर में द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल के सामने, आर्येन कैरियर कोचिंग क्लासेस के डायरेक्टर भूमिन सर जिनका यूपीएससी में चयनित होकर एक्स डिफेंस ऑफिसर रह चुके हैं। जिनसे चर्चा के दौरान हमें जानकारी मिली कि बच्चे सप्ताह में तीन से चार घंटे यदि जीएस फाउण्डेशन की क्लास कर लेते हैं, तो वह आई आई टी नीट के साथ एनडीए के एक्जाम को भी आसानी से क्लीयर कर सकते हैं । एनडीए क्लैट, सीयूईटी की कोचिंग के लिए आर्येन कोचिंग पूरे छत्तीसगढ़ की बेहतरीन कोचिंग क्लास है । उनके अनुसार 11वीं एवं 12वीं साईंस के बच्चे आईआईटी, नीट के साथ एनडीए/सीयूईटी, कॉमर्स के बच्चे 11वीं एवं 12वीं के साथ, क्लैट/एनडीए/ सीयूईटी की परीक्षा दे सकते हैं। कैरियर संबंधित अधिक जानकारी के लिए - 9244289305 (भूमिन सर) पर बात कर सकते हैं।

## आईआईटी /मेडिकल में अंडर 100 रैंक देने वाले आर्या सर ने फिर से केमेस्ट्री क्लासेस प्रारंभ की

पूरे छत्तीसगढ़ में केमिस्ट्री किंग के नाम से प्रसिद्ध आर्या सर जिनके यहाँ बहुत से बच्चों ने केमिस्ट्री पढ़कर डॉक्टर व इंजीनियर बन चुके हैं । आर्यास् केमिस्ट्री भिलाई के नाम से चर्चित आर्या सर के यहाँ पूरे छत्तीसगढ़ के हजारों बच्चे पढ़ने जाते थे, यहां तक की दुर्ग एवं रायपुर जिले के बच्चे कोटा की नामी कोचिंग में पढ़ने के बाद वापस आकर आर्या सर से पढ़ने जाते थे ।




Arya Sir
(Since 1994 )

आर्या सर के अनुसार केमिस्ट्री एक स्कोरिंग सबजेक्ट होता है, जिसे बच्चे या तो ध्यान नहीं देते हैं या फिर उसे रटने की कोशिश करते हैं जबकि केमेस्ट्री सबसे आसान होता है। आर्या सर कंसेप्ट क्लीयर कर ट्रिक्स टिप्स के साथ उसे इंटरेस्टिंग बना देते हैं। केमिस्ट्री में 100% नंबर पाना आसान होता है। क्रेस कोर्स, रिवीजन कोर्स या रेगुलर कोर्स करने के लिए भिलाई में पुराने पते 305, जोनल मार्केट सेक्टर-10, तथा रायपुर में द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल के सामने, न्यू राजेन्द्र नगर में संपर्क कर सकते हैं। मो. 9827195305

### केमेस्ट्री मतलब आर्या सर

हमारे संवाददाता के अनुसार केमेस्ट्री और आर्या सर एक दूसरे से जुड़े हुए नाम है जो बच्चे नामी संस्थान में आईआईटी/नीट की तैयारी करने जाते हैं और उन्हें केमेस्ट्री सबजेक्ट पढ़ने में प्राब्लम होती है या इंटरेस्टिंग नहीं रहता तो कुछ स्टूडेंट्स आर्या सर के यहां जाकर अपनी केमेस्ट्री को इंटरेस्टिंग एवं स्कोरिंग सबजेक्ट बना लेते हैं ।









80% से 90% तक के बच्चों की संख्या बहुत अधिक है।

## यूपीएससी/सीजीपीएससी/व्यापम की परीक्षा देने वालों के लिए महत्वपूर्ण सूचना ।

जो सफलता के मुकाम पर पहुंचे हैं उनके मार्गदर्शन में सफलता का मार्ग आसान हो जाता है।

प्रिय स्टूडेंट्स, यूपीएससी/सीजीपीएससी एवं व्यापम की ढेर सारी परीक्षायें जिसमें 3 से 6 महीने की तैयारी का समय मिलता है, जिसके लिए टेस्ट सीरीज इत्यादि से तैयारी प्रायः फायदेमंद नहीं होती है। यह परीक्षाएं बहुत महत्वपूर्ण होती है या तो साल दो साल तैयारी की जाए या फिर कम समय के लिए किसी अनुभवी कोचिंग संस्थान से क्लास ली जाए इन परीक्षाओं की तैयारी के लिए छत्तीसगढ़ में आर्येन आईएएस एकेडमी एक




बेहतरीन रिजल्ट देने वाली संस्था है। यूपीएससी (सीएपीएफ) में ऑल इंडिया रैंक-1 वाले विवेक पटेल सर तथा साथ में यूपीएससी चयनित क्लास 1 आफिसर रह चुके भूमिन सर के अंडर में क्लासेस ली जाती है । विवेक पटेल सर के अंडर में प्रिलीम्स, मेन्स एवं इंटरव्यू में सफल होने के लिए तैयारी/पढ़ाई कराई जाती है । सर से पढ़े हुए बच्चे वर्तमान में एसडीएम, तहसीलदार, इत्यादि पदों पर कार्यरत हैं। सीजीपीएससी की इंग्लिश मिडियम की प्री एवं मेन्स की क्लासेस आर्येन एकेडमी सबसे बेहतर होती है। ऑनलाईन/ऑफलाइन क्लासेस के साथ नोट्स, टेस्ट सीरीज, रिकॉडेड लेक्चर, सभी प्रकार की आधुनिकता के साथ क्लासेस ली जाती है।


## DRONACHARYA PUBLIC SCHOOL

Co-educational English Medium School-CBSE

New Rajendra Nagar, RAIPUR, Mob. : 9827407344, 8770537564

**ADMISSION OPEN**

Nursery to Class - IX & XI

STREAM

MATHS, BIO, COMMERCE

SPECIAL FREE GUIDANCE FOR COMPETITIVE EXAMS

Branch Address :

DRONACHARYA PUBLIC SCHOOL-CBSE
Chikhli Road, Majarkatta, Gariyaband
Call-8305112287

DRONACHARYA PUBLIC SCHOOL-CBSE
Panduka - Magarload Road, Amlidih
Dist.-dhamtari Call-8305112288

SALIENT FEATURES

- Turf Cricket / Football Ground
- Swimming Pool, GYM
- Indoor Wooden Badminton Court
- Basket / Volleyball Acrylic Court
- Art / Craft / Music / Dance Rooms
- Modern Library
- Robotic Lab
- PCMB / Computer Lab
- Smart Classes
- Day Boarding
- Qualified & Experienced Faculties
- Loving & Caring Aesthetic Environment
- Remidial Classes for Weak Students
- Tieup with Reputed Coaches/Coachings
- Hostel (Separate Boys/Girls)
- Transport

नोट : गरियाबंद एवं धमतरी की द्रोणाचार्य स्कूल की पढ़ाई एवं अन्य एक्टिविटी रायपुर द्वारा संचालित होती है। रायपुर एवं इत्यादि शहरों की अधिकतम ट्रेड टीचर्स द्वारा क्लासेस ली जाती है। हमारी समस्त संस्थाओं में पढ़ाई का स्तर बेहतरीन है।

Whatsapp




Youtube

Admission Open

Limited Seats

Branch :
ARYEN INSTITUTE
305, Zonal Market,
Sec.-10, Bhilai

TEAM CREATIVE ADVERTISERS



नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में 42 देशों के राजदूत और राजनयिकों ने पिछले दिनों (29 जनवरी) बीएपीएस हिंदू मंदिर का दौरा किया। यूएई में भारतीय दूतावास की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी पोस्ट में बताया, भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने अबु धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन से पहले यहां दुनियाभर के कई राजनायिकों की मेजबानी की। सभी राजनायिक मंदिर की वस्तुकला, जटिल रूपांकनों और एकता के संदेशों को देखकर खुश हुए। वे सभी मंदिर की वस्तुकला और जटिल रूपांकनों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए।

# 42 देशों के राजनयिकों ने देखा बीपीएस हिंदू मंदिर का सौंदर्य

## यूएई के अबू धाबी में स्थित है यह

## फरवरी में प्रधानमंत्री मोदी करेंगे इसका लोकार्पण



### फरवरी में होगा मंदिर का उद्घाटन

बीएपीएस हिंदू मंदिर प्रोजेक्ट के प्रमुख स्वामी ब्रह्मविहारीदास ने कहा, विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों का यह दौरा यूएई के साथ अपने देश की सांस्कृतिक मेलजोल, शांति और राजनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए था। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महंत स्वामी महाराज 14 फरवरी को इस मंदिर का उद्घाटन करने वाले हैं।

चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद

# सोनकर फिलहाल बने रहेंगे मेयर

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर दाखिल याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को फिलहाल किसी भी तत्काल राहत से इनकार कर दिया है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के मेयर पद के दावेदार कुलदीप कुमार की याचिका पर हाई कोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बुधवार को याचिका पर सुनवाई आरंभ होते ही याची पक्ष की तरफ से कहा गया कि चुनाव में जिस तरह से पीठासीन अधिकारी ने वोटों की गिनती के समय धांधली की है उसे पूरे देश ने देखा है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है। याची पक्ष ने इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए हाईकोर्ट से दखल देने की अपील की। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से इस मामले में पक्ष रखने के लिए चार सप्ताह की मोहलत मांगी गई।



- हाईकोर्ट ने प्रशासन से तीन सप्ताह में मांगा जवाब

ज्ञानवापी

सोमनाथ व्यास का परिवार किया करता था अर्चना


# 1993 तक तहखाने में राग-भोग संस्कार सहित होती थी पूजा अर्चना

*ज्ञानवापी मामले में बुधवार को बड़ा फैसला आया है। वाराणसी जिला अदालत ने हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी परिसर में मौजूद व्यास तहखाने में पूजा करने की इजाजत दे दी है। अब व्यास परिवार तहखाने में पूजा पाठ करेगा। सोमनाथ व्यास का परिवार 1993 तक तहखाने में पूजा पाठ करता था। आइये जानते हैं कि आखिर क्या है व्यास जी का तहखाना? इसका केस कब से चल रह है? अभी क्या फैसला आया है?*

## दक्षिण दिशा में स्थित तहखाने में हुआ करती थी पहले पूजा

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

ज्ञानवापी परिसर में मौजूद व्यासजी तहखाना में पूजा की मांग को लेकर वर्षों से अदालती लड़ाई चल रही है। ताजा फैसले में बताया गया कि वादी हिंदू पक्ष ने बताया कि मंदिर भवन के दक्षिण दिशा में स्थित तहखाने में मूर्ति की पूजा होती थी। दिसम्बर 1993 के बाद पुजारी व्यासजी को इस प्रांगण के बेरिकेट वाले क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया गया। इस कारण तहखाने में होने वाले राग-भोग आदि संस्कार भी रुक गये। हिंदू पक्ष ने दलील दी कि इस बात के पर्याप्त आधार है कि वंशानुगत आधार पर पुजारी व्यासजी ब्रिटिश शासन काल में भी वहां कब्जे में थे। व्यासजी ने दिसम्बर 1993 तक वहां भवन में पूजा अर्चना की है। बाद में तहखाने का दरवाजा हटा दिया गया। हिन्दू धर्म की पूजा से सम्बन्धित सामग्री बहुत सी प्राचीन मूर्तियां और धार्मिक महत्व की अन्य सामग्री उस तहखाने में मौजूद हैं। राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने बगैर किसी विधिक अधिकार के तहखाने के भीतर पूजा माह दिसम्बर 1993 से रोक दी। हिंदू पक्ष ने अदालत से अनुरोध किया कि वह रिसीवर को नियुक्त करे जो तहखाने में पुजारी द्वारा पूजा किया जाना नियंत्रित करे और उसका प्रबंध करे। न्यायालय में 17 जनवरी 2024 को पारित एक आदेश में रिसीवर की नियुक्ति तो कर दी लेकिन तहखाने में पूजा-अर्चना के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया। हिंदू पक्ष ने अपनी दलील में कहा था कि तहखाने में मौजूद मूर्तियों की पूजा नियमित रूप से की जानी आवश्यक है।



### तहखाना डीएम के सुपुर्द

व्यासजी के तहखाने को डीएम की सुपुर्दगी में दिया गया है। अधिवक्ताओं के अनुरोध पर कोर्ट ने नंदी के सामने की बैरिकेडिंग को खोलने की अनुमति दी है। ऐसे में अब तहखाने में 1993 के पहले के जैसे पूजा के लिए अदालत के आदेश से आने- जाने दिया जाएगा।

### 2050 साल पहले विक्रमादित्य ने करवाया था निर्माण

*हिन्दू पक्ष का दावा है कि इसके नीचे 100 फीट ऊंचा आदि विश्वेश्वर का स्वयंभू ज्योतिर्लिंग है। काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण करीब 2050 साल पहले महाराजा विक्रमादित्य ने करवाया था, लेकिन औरंगजेब ने साल 1664 में मंदिर को तुड़वा दिया। दावे में कहा गया है कि मस्जिद का निर्माण मंदिर को तोड़कर उसकी भूमि पर किया गया है जो कि अब ज्ञानवापी मस्जिद के रूप में जाना जाता है।*

अपने नापाक इरादों से बाज नहीं आ रहा ड्रैगन

# लद्दाख में चीनी सैनिकों व चरवाहों के बीच भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



चीनी सेना अपने नापाक इरादों से बाज नहीं आ रही। अब लेह-लद्दाख के सुदूर पर्वतीय इलाके में चीनी सैनिकों की इसी तरह की हरकत का एक वीडियो सामने आया है। दरअसल, लद्दाख में चीन की पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) के जवानों ने भारतीय चरवाहों को रोकने की कोशिश की। हालांकि, निहत्थे भारतीय चरवाहों ने अपने साहस का परिचय दिया और हथियार से लैस चीनी सैनिकों से भिड़ गए। इस दौरान भारतीय चरवाहों ने चीनी सेना की बख्तरबंद गाड़ियों पर पत्थरबाजी की और उन्हें भारतीय सीमा से खदेड़ दिया। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

बता दें कि ये कोई पहली बार नहीं है जब चीन ने इस तरह की उकसावे की कार्रवाई को अंजाम दिया हो। चीनी सैनिक इससे पहले भी लद्दाख में इस तरह की हरकतों को अंजाम दे चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीनी सैनिकों ने नापाक हरकत की।

### हथियारों से लैस थे चीनी सैनिक

चीनी सैनिक हथियार से लैसे थे, जबकि लद्दाख के स्थानीय चरवाहे खाली हाथ थे। बावजूद इसके स्थानीय चरवाहों ने पीएलए के इस कदम का जोरदार विरोध किया और उन्हें वहां से खदेड़ दिया। चुशूल के काउंसलर कॉनचॉक स्टेंजिन ने सोशल मीडिया पर दोनों पक्षों के बीच हुई झड़प का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में चीनी सैनिक चरवाहों को रोकते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेकिन इस दौरान चरवाहे उनसे बहस करते देखे जा रहे हैं और वहां से वापस जाने से इनकार करते दिख रहे हैं।



# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





## साय ने कहा- नक्सलियों का मिटा देंगे नामो निशान



### नक्सलियों के खिलाफ तेज होगा अभियान, पिछली सरकार ने गंभीरता से नहीं लड़ी लड़ाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, जबसे हमारी सरकार आई है, नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत हुई है। कल भी हम मजबूती से लड़ाई लड़े हैं, आगे भी लड़ेंगे। हमारे सुरक्षा बल के जवानों ने माओवादी-आतंकियों के खात्मे की कार्रवाई की शुरुआत की है। छत्तीसगढ़ से हम न सिर्फ इन्हें खदेड़ेंगे, बल्कि इनका नामो निशान मिटा देंगे। यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, नक्सलवाद पर हाईलेवल बैठक में यह तय हुआ कि सुरक्षा कैंप के आसपास लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा, नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज हो रहे हैं। लगातार फोर्स आ रही है, कैम्प स्थापित हो रहे हैं। पिछली सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ गंभीरता से लड़ाई नहीं लड़ी। मुख्यमंत्री ने राज्य में नक्सल शेष पेज 2 पर

### सूचना तंत्र को और प्रभावी बनाएं

*मुख्यमंत्री ने पुलिस के आला अधिकारियों को अपने सूचना तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने तथा नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, हमें प्रभावित इलाकों में सर्चिंग के दौरान बेहद सतर्क रहने की जरूरत है, ताकि हम नक्सलियों के मनसूबों को बेनकाब और उन्हें नेस्तनाबूद कर सकें।*

### 6 नक्सलियों को मारा

शहीद हुए तीनों जवानों ने कम से कम 6 नक्सलियों को बहादुरी से लड़ते हुए ढेर कर दिया। उसके बाद नौ जवानों ने बुलेट प्रूफ वाहन के साथ नक्सलियों की ओर बढ़ना शुरू किया और उनकी फायरिंग रेंज में घुसकर एमएमजी और एलएमजी से गोलियां बरसाईं, जिससे नक्सलियों के पांव उखड़ने लगे और नक्सली पीछे हटने लगे।

### टेकुलगुडम कैंप पर हमला, हिड़मा इस बार भी बच निकला, जवानों ने आधा दर्जन को मार गिराया

**हरिभूमि-आईएनएच की ग्राउंड जीरो से रिपोर्ट**

# नक्सलियों के स्नाइपर ने एक के बाद एक जवानों पर साधा निशाना, फिर जवानों ने उनकी फायरिंग रेंज में घुसकर मारा

गणेश मिश्रा ▶▶| बीजापुर

सैकड़ों नक्सलियों से घिरे टेकुलगुडम कैंप में जवानों ने बरसती गोलियों के बीच न केवल आधा दर्जन माओवादियों को मार डाला, बल्कि नक्सलियों को उल्टे पैर भागने पर मजबूर भी कर दिया। बुधवार को ग्राउंड जीरो पर पहुंची हरिभूमि-आईएनएच शेष पेज 2 पर



### 1000 से ज्यादा बीजीएल दागे

नक्सलियों ने जवानों और कैंप पर 1000 से अधिक बीजीएल दागे, इनमें से कुछ ब्लास्ट हुए तो कुछ अब भी कैंप के आसपास पड़े हुए हैं। नक्सलियों से मुकाबला करते हुए जो तीन जवान शहीद हुए हैं, उनकी कहानी बेहद शौर्य और वीरता से भरी हुई है। मुठभेड़ में शामिल जवानों के अनुसार नक्सली अपने साथ शेष पेज 2 पर



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 30 जनवरी को माओवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए तीन जवानों को पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है।

### अब ऐसी रणनीति

बताया जाता है कि जब-जब हिड़मा की मौजूदगी की खबर सुरक्षा बल के जवानों को या सुरक्षा एजेंसियों को मिलती है तो लगातार हिड़मा की तलाश में ऑपरेशन लॉन्च किया जाता है परंतु हिडमा हर बार बच निकलने में कामयाब हो जाता है। इस बार लड़ाई की बजाय जवानों ने और सरकार ने अपनी रणनीति बदलते हुए सड़क ,विकास और मूलभूत सुविधाओं के साथ हिड़मा के अभेद किलो को भेदने के लिए विकास के रास्ते आगे बढ़ रहे शेष पेज 2 पर

**इधर...**

### क्रास फायरिंग में एसटीएफ जवान के भाई की मौत



**जगदलपुर।** प्लाटून नंबर 16 के कमांडर मल्लेश व साथी की मौजूदगी की खबर पर डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व सीआरपीएफ 230 यंग प्लाटून टीम को आपरेशन के लिए रवाना किया गया था। नक्सलियों के साथ दंतेवाड़ा व बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम रोतड़ पिंडकापाल के करीब नक्सलियों से मुठभेड़ के दौरान क्रास फायरिंग की चपेट में आने से एसटीएफ जवान के भाई की मौत हो गई है। जवानों द्वारा इस दौरान नक्सलियों द्वारा बनाए गए लगभग 80 मीटर लबें सुंरग व तीन स्मारक को ध्वस्त कर दिया गया।

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि सूचना मिली थी कि दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम रोतड़ पिंडकापाल में भैरमगढ़ और इंद्रावती एरिया कमेटी के प्लाटून नंबर 16 के कमांडर डीवीसीएम मल्लेश अपने साथियों के साथ बड़ी वारदात को अंजाम देने एकत्र हुआ है। सूचना पर डीआरजी बस्तर फाइटर्स और सीआरपीएफ 230 यंग प्लाटून टीम को तत्काल रवाना किया गया था। टीम थाना भैरमगढ़ क्षेत्र के कोंड्रोजी, शेष पेज 2 पर

### रायपुर, अंबिकापुर, दुर्ग, भिलाई और रायगढ़ में आईटी की कार्रवाई

# पूर्व मंत्री अमरजीत सहित रियल एस्टेट और बिल्डर्स के 45 ठिकानों पर छापे


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बिलासपुर/भिलाई


लोकसभा चुनाव के पूर्व आयकर अफसरों की टीम ने बुधवार को राज्य के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत तथा उनके करीबी कारोबारियों के रायपुर, भिलाई, दुर्ग, अंबिकापुर तथा रायगढ़ के 45 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापे मारे।

**खास खबर**

आईटी अफसर 27 निवास स्थान तथा 18 ऑफिस में छापे की कार्रवाई कर रहे हैं। छापे की जद में अमरजीत भगत के निज सहायक तथा उनके करीबी अंबिकापुर कोतवाली में पदस्थ टीआई भी आए हैं। पूर्व मंत्री के अलावा जिनके यहां जांच चल रही हैं, उनमें ज्यादातर रियल एस्टेट तथा बिल्डर हैं। छापे में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश तथा दिल्ली के अफसर शामिल हैं।

आयकर अफसरों ने जो छापे की कार्रवाई की है, उन ग्रुप के नाम आल्यम इंफ्रावेंचर, अंबिका इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड, अरोरा कालोनाइजर्स एंड बिल्डर्स, अरोरा इंफ्रावेंचर, फर्म श्री एस इंफ्रास्ट्रक्चर, एराम इंफ्रास्ट्रक्चर, चौहान हाउसिंग एंड प्राइवेट लिमिटेड, चौहान ऑटोमोबाइल है। इनके संचालक हरपाल सिंह अरोरा, कैलाश बजाज, नरेश शेरवानी, विक्की शेरवानी, अविनाश शेरवानी, अजय शेष पेज 2 पर





छापे की कार्रवाई में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली के 300 अफसर-कर्मी शामिल

### मंगलवार से हलचल शुरू हो गई थी

छापे की कार्रवाई की सुगबुगुहाट मंगलवार से शुरू हो गई थी। मंगलवार को आयकर कार्यालय रायपुर में काफी हलचल देखने को मिली। इसके साथ ही मध्यप्रदेश पासिंग वाहनों का काफिला आयकर कार्यालय में देखने को मिला। सूत्रों के मुताबिक आयकर अफसर तड़के पांच बजे ही संबंधित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करने पहुंच गए थे। जिन लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की गई, उनमें से ज्यादातर लोगों के यहां निजी सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। आईटी अफसरों ने निजी सुरक्षा गार्ड को जगाते हुए संबंधितों को सोते से जगाया।

### पूर्व मंत्री ने कहा - परेशान करने छापे की कार्रवाई

आयकर के अफसर छापे की कार्रवाई कर रहे थे, तब पूर्व मंत्री अमरजीत भगत रायपुर में पुरैना स्थित विधायक कालोनी में अपने निवास पर थे। छापे की कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद अमरजीत भगत ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि राहुल गांधी के दौरे के कारण छापामारी हो रही है। चूंकि राहुल गांधी के दौरे के लिए मुझे संयोजक बनाया गया है, लोकसभा चुनाव में मेरा नाम आ गया है। मुझे बदनाम करने की कोशिश हो रही है।



### कारोबारी को होटल से उठाया

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के करीबी कारोबारी हरपाल सिंह अरोरा को आयकर अफसर मंगलवार को देर शाम एक होटल से पूछताछ करने के बहाने अपने साथ ले आए। सूत्रों के मुताबिक हरपाल सिंह एक शादी समारोह में शामिल होने सरगवां गए हुए थे। वहां वे एक होटल में रुके हुए थे। इसकी जानकारी मिलने के बाद आईटी अफसरों ने पूछताछ के बहाने उठाया और अपने साथ रायपुर ले आए।

## महतारी वंदन योजना पर कैबिनेट की मुहर, तेंदूपत्ता की दर 5500 रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रि परिषद की बैठक में सरकार ने महतारी वंदन योजना को मंजूरी दे दी है। अब हर साल 12000 रुपये महिलाओं के खाते में ट्रांसफर होंगे। इसके अलावा तेंदूपत्ता संग्रहण की दर 4000 से बढ़ाकर 5500 प्रति मानक बोरा किया गया है। खास बात ये है कि शेष पेज 2 पर

- मुख्यमंत्री साय ने कहा, इसी समय से लागू मानी जाएगी महतारी योजना

### संविदा भर्ती का नियम में बदलाव


छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अगस्त 2023 में जारी अधिसूचना में किए गए संशोधन को निरस्त कर पूर्ववत किए जाने का निर्णय लिया गया। अगस्त 2023 में उक्त नियम में यह संशोधन किया गया था कि विभागीय जांच उपरांत, शास्ति प्रभावशील होने अथवा अपराधिक प्रकरण में न्यायालय द्वारा दंडित होने पर संविदा नियुक्ति के लिए अपात्र होंगे। इस संशोधन से ऐसे शेष पेज 2 पर

### विवाहित महिलाओं को हर माह 1 हजार

मंत्रिपरिषद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए राज्य में महतारी वंदन योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत विवाहित महिलाओं को एक हजार रूपए प्रतिमाह अर्थात साल में 12 हजार रूपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। इस योजना से महिला सशक्तिकरण एवं आर्थिक स्वावलंबन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### सीएम हाउस में सात घंटे पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन गिरफ्तार


# ईडी के चक्रव्यूह में फंसे सोरेन ने छोड़ी कुर्सी, करीबी चंपई को बनाया सीएम





एजेंसी ▶▶| रांची

ईडी ने कथित भूमि धोखाधड़ी मामले से जुड़े धनशोधन के आरोप में सात घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद बुधवार को झामुमो नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। अपनी गिरफ्तारी से पहले, सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को झारखंड के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया और फिर उन्हें यहां ईडी कार्यालय ले जाया गया। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन होंगे। सूत्रों ने दावा किया कि पूछताछ के दौरान 48 वर्षीय सोरेन के जवाब में स्पष्टता नहीं थी और इसलिए उन्हें धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत हिरासत में ले लिया गया। शेष पेज 2 पर



### सोरेन ने ईडी के खिलाफ दर्ज कराया केस

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एससी-एसटी पुलिस थाने में प्रवर्तन निदेशालय के वरिष्ठ कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया, ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है। सिन्हा ने प्राथमिकी के संबंध में कोई अन्य विवरण नहीं दिया। ईडी की एक टीम ने सोमवार को सोरेन के दिल्ली आवास की तलाशी ली। झारखंड में एक कथित भूमि सौदे से जुड़े धनशोधन मामले में उनसे पूछताछ करने के लिए लगभग 13 घंटे तक वहां डेरा डाले रखा।

### रांची में सुरक्षा बढ़ाई

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय की पूछताछ से पहले रांची के प्रमुख इलाकों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखने के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

### आज झारखंड बंद

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कई आदिवासी संगठनों ने गुरुवार को राज्य बंद का आह्वान किया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय टिर्की ने कहा कि राज्य के 15-20 आदिवासी संगठन बंद में शामिल होंगे।

### केजरीवाल को पांचवा समन

ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवा समन है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गये समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुये।

# कार की डिक्की खुली तो हैरान रह गई पुलिस, मिले ढाई करोड़ से ज्यादा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रात के अंधेरे में दो चार पहिया वाहन की डिक्की में करोड़ों रुपए रख कर निकल रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डिक्की से मिले रुपए का दस्तावेज मांगा गया, लेकिन तीनों के पास कुछ नहीं मिल पाया। पुलिस ने वाहन और तीनों को थाने लेकर आ गई। भट्ठी पुलिस ने बताया कि ब्रेजा सीजी 07 सीएम 4883 और क्रेटा सीजी 07 बीएक्स 6696 में तीन लोग सवार होकर सेक्टर होते हुए निकल रहे थे। सूचना पर एसीसीयू की टीम मौके पर पहुंची और सेक्टर 1 में खड़े वाहन में चेकिंग किया। दोनों वाहनों की डिक्की से पुलिस को 2 करोड़ 64 लाख रुपए कैश पड़ा मिला। पूछताछ करने पर ग्राम औरी भिलाई शेष पेज 2 पर

- नोटों के साथ तीन गिरफ्तार एसीसीयू की टीम को मिली थी सूचना



### जल्द होगा रुपए के बारे में खुलासा

लोकसभा चुनाव से पहले इतनी बड़ी रकम कहां से लाई जा रही थी और कहां पहुचाई जा रही थी। इसके बारे में पुलिस कोई जानकारी नहीं ले पाई। इस रुपए को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। रुपए किसके थे और कहां के लिए लाया गया था। बताया जा रहा है कि कार के करोड़ों रुपए को आपस में बांटने के लिए तीनों सेक्टर में कार समेत खड़े थे।

**कांग्रेस ने बताया हादसा**

# राहुल की सुरक्षा में बड़ी चूक कार का पिछला शीशा टूटा

एजेंसी ▶▶| मालदा

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की सुरक्षा में बुधवार को बड़ी चूक हो गई। उनकी कार का पिछला शीशा टूट गया। पहले हमले की आशंका जताई गई थी, लेकिन कांग्रेस ने इसे हादसा बताया है। कांग्रेस ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में पार्टी नेता राहुल गांधी की कार का पिछला शीशा एक महिला के वाहन के सामने आ जाने पर अचानक ब्रेक लगाने के कारण टूटा।



### पहले पत्थर फेंकने का किया था दावा

इससे पहले दिन में, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने दावा किया था कि मालदा जिले में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कार पर कथित तौर पर 'पत्थर फेंके गए।' हालांकि, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि यह घटना पड़ोसी राज्य बिहार के कटिहार इलाके में हुई।

### रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को जमा, टॉपअप लेने से रोका

# पेटीएम पर शिकंजा, 29 से बैंकिंग सेवाएं बैन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खिलाफ रिजर्व बैंक ने यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया है। आरबीआई ने बुधवार को बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। इसके बाद आगे की निरीक्षण कार्रवाई की जरूरत पड़ी।

केंद्रीय बैंक ने कहा, किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड माध्यम, वॉलेट, फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी।




**इन पर रोक:** आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी। इसके पहले आरबीआई ने मार्च, 2022 में पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था।

### क्या होगा असर?

- 29 फरवरी 2024 के बाद पेटीएम फॉस्टेग सेवा बंद हो जाएगी
- पेटीएम ऐप का उपयोग करके टोल प्लाजा पर भुगतान नहीं कर पाएंगे
- किसी अन्य फॉस्टेग प्रदाता से फॉस्टेग खरीदना होगा
- 29 फरवरी 2024 के बाद पेटीएम लोन सेवा बंद हो जाएगी

### आरबीआई ने क्यों की कार्रवाई

पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ रिजर्व बैंक ने यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया है। आरबीआई ने बुधवार को बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। इसके बाद आगे की निरीक्षण कार्रवाई की जरूरत पड़ी।

चिंतन

# अभिभाषण में देश की सुनहरी आर्थिक तस्वीर

राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ बजट सत्र का आगाज हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में सरकार की सुनहरी आर्थिक तस्वीर पेश की है, सरकार की उपलब्धियों का बखान किया है। परिपाटी भी यही रही है। इस अभिभाषण में देश के सामने उपस्थित राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक व सामरिक चुनौतियों को लेकर कोई खास जिक्र नहीं है और भविष्य के लिए भी स्पष्ट रोडमैप नहीं है। हमें अंतरिम बजट का ही इंतजार करना होगा जो आज आने वाला है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में बताई गईं उपलब्धियों को देखें तो ये सभी बातें हाल में सरकार की ओर से समय-समय पर कही गई हैं। इस अभिभाषण में राम मंदिर के अलावा आर्थिक बिंदुओं का अधिक जिक्र है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि, राम मंदिर निर्माण से 'सदियों की आकांक्षा' पूरी हुई है। अभिभाषण में महिला आरक्षण कानून बनने सहित सरकार के विभिन्न कार्यों का लेखाजोखा दिया गया है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद स्पष्ट बहुमत की मोदी सरकार ने 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' (सुधार, कार्य प्रदर्शन और बदलाव) की अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखा है। सरकार मानती है कि विकसित भारत की भव्य इमारत 4 मज़बूत स्तंभों पर खड़ी होगी। ये स्तंभ हैं - युवाशक्ति, नारीशक्ति, किसान और गरीब (ज्ञान)। अंतरिम बजट के भी इन्ही चार स्तंभ पर केंद्रित रहने की संभावना है। डिजिटल भारत, स्टार्टअप्स भारत, नवाचार भारत, नॉलेज भारत, हरित तकनीक भारत और विज्ञान भारत विकसित भारत के अस्त्र बनेंगे। आतंकवाद हो या विस्तारवाद, हमारी सेनाएं आज 'जैसे को तैसा' की नीति के साथ जवाब दे रही हैं। गुलामी के कालखंड से प्रेरित अपराध न्याय प्रणाली अब इतिहास हो गई है, अब दंड को नहीं, अपितु न्याय को प्राथमिकता है। 'न्याय सर्वोपरि' के सिद्धांत पर नई न्याय संहिता देश को मिली है। हमारी अर्थव्यवस्था 10 वर्ष में 10वें से 5वें स्थान पर पहुंच गई है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत से अधिक रही है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है। जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। बाकी दो तिमाहियों में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। आंकड़ों में महंगाई दर नियंत्रित है। वृहद आर्थिक स्थिरता है। 10 वर्षों में पूंजीगत व्यय 5 गुना होकर 10 लाख करोड़ रुपये हो गया है। देश में डिजिटल के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश हुआ है। आई-वे व हाई-वे दोनों मजबत हुए हैं। रेल, एयपोर्ट व पोर्ट इन्फ्रा भी मजबूत हुए हैं। 'वन नेशन, वन पावर ग्रिड' से बिजली की व्यवस्था में सुधार हुआ है। 'वन नेशन, वन गैस ग्रिड' से, गैस आधारित अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसी डिजिटल प्रणाली नहीं है। इन उपलब्धियों से अलग अभी सरकार खेती-बाड़ी को लाभकारी नहीं बना पाई है, खाद्य महंगाई उच्च स्तर पर बनी हुई है, सरकारी सेक्टर में रोजगार के मौके कम हो रहे हैं, सीमा पर तनाव की स्थिति है व गरीबी उन्मूलन चुनौती बनी हुई है। समाज में विभाजन बढ़ रहे हैं, राजनीतिक कटुता चरम पर है, केंद्रीय जांच एजेंसियां विश्वसनीयता के संकट से गुजर रही हैं। पेयजल, खाद्यान्न व ऊर्जा आपूर्ति चुनौती बनी हुई है। केंद्र व राज्य के संबंध तल्ख हुए हैं। इन विसंगतियों को दूर करने की दृष्टि को भी देश के सामने अभिभाषण के जरिये रखने की चेष्टा होनी चाहिए।

बजट उम्मीद
सतीश सिंह



# विकासोन्मुखी होने की आस

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट 1 फरवरी को पेश होगा, जिसमें आम चुनाव को दृष्टिगत करते हुए वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण तेज विकास को सुनिश्चित करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने वाले प्रावधानों की घोषणा करने के साथ-साथ समावेशी विकास को सुनिश्चित करने,वित्तीय क्षेत्र को मजबूत बनाने, सरकारी सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और मौजूदा क्षमताओं का समुचित दोहन करने की दिशा में प्रावधान कर सकती हैं। चूंकि, बैंक विकास के सभी मानकों को विकसित करने के लिए ऋण मुहैया कराने या वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का काम करते हैं, इसलिए दूसरे क्षेत्रों के लिए किए गए बजटीय प्रावधानों का फायदा भी बैंकिंग क्षेत्र को मिलेगा। सरकार एक लंबे समय से बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए समीचीन कदम उठा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं, जिसमें सबसे अहम है,चालू वित्त वर्ष में बैंकों के मुनाफे में अभूतपूर्व इजाफ़ा होना। साथ ही सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किए गए सुधारों की वजह से बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आना और सकल एनपीए अनुपात का मार्च 2023 के 3.9 प्रतिशत से सितंबर 2023 में घटकर 3.2 प्रतिशत के स्तर पर पहुंचना भी महत्वपूर्ण है। देश के विकास की गति को तेज करने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करना बहुत ही आवश्यक है, इसलिए अंतरिम बजट में इसके लिए विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से आर्थिक गतिविधियों,रोजगार सृजन, ऋण व उत्पाद की मांग आदि में तेजी आएगी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) कोरोना काल के नकारात्मक प्रभाव से बाहर निकल चुकी है। अब इसे मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है, इसलिए अंतरिम बजट में एमएसएमई के लिए नई कर्ज गारंटी योजना शुरू की जा सकती है। साथ ही देश में स्टार्टअप्स, उद्यमिता, मेक इन इंडिया आदि को मजबूत करने के लिए विशेष राशि आवंटित की जा सकती है। पूर्व में इमरजेंसी क्रेडिट लिंक्ड गारंटी स्कीम योजना से एमएसएमई क्षेत्र को बहुत फायदा हुआ है। इस क्षेत्र का देश की जीडीपी में लगभग 35 प्रतिशत का योगदान है। बैंकों के ऋण वृद्धि दर में लगातार तेजी आ रही है। बड़े विनिर्माण क्षेत्र को छोड़ कर दूसरे सभी क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। गैर बैंकिंग वित्त कंपनियां जैसे, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग आदि ने खुदरा ऋण के वितरण में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। बंधन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, फेडरल बैंक और आरबीएल आदि बैंकों की ऋण वृद्धि दर 18 प्रतिशत से अधिक रही है, जबकि पंजाब नेशनल बैंक की क्रेडिट वृद्धि दर 13.5 प्रतिशत रही है। वहीं,वित्त वर्ष 2024 में बैंकों की क्रेडिट वृद्धि दर 11.4 प्रतिशत रही है, जबकि जमा वृद्धि दर 9 प्रतिशत रही है। उच्च ऋण वृद्धि दर तब संभव हुई है, जब मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच की अवधि में रेपो दर में 250 आधार अंकों की वृद्धि की गई थी। कृषि क्षेत्र अभी भी उपेक्षित है। हालांकि, इस क्षेत्र ने कोरोना काल में विकास दर को अक्षुण्ण रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसलिए,किसानों और कृषि मजदूरों की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने के लिए अंतरिम बजट में पीएम-किसान सम्मान निधि की सहायता राशि को 6000 से बढ़ाकर 7000 रुपये की जा सकती है। साथ ही,कृषि क्षेत्र को सशक बनाने के लिए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 22 से 25 लाख करोड़ रुपए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को मूर्त रूप देने के बाद से अर्थव्यवस्था में संगठित क्षेत्र का दायरा बढ़ा है, क्योंकि, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की सदस्यता में वृद्धि दर्ज की गई है। ईपीएफओ के अंतरिम पेरोल आंकड़ा के अनुसार अक्टूबर 2023 के महीने में 15.29 लाख सदस्य शामिल हुए, जो पिछले साल की समान अवधि से 18.22 प्रतिशत अधिक थे। भारत में तेज विकास दर का मुख्य कारण घरेलू मांग में तेजी आना है। देश में सरकारी और निजी निवेश दोनों में तेजी आई है। इज ऑफ डूइंग बिजनेस और स्पेशल इकनॉमिक जोन के तहत कारोबारियों को विशेष सुविधाएं देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा लगातार कोशिश की जा रही है साथ ही साथ अन्य आर्थिक सुधार भी मुसलसल किए जा रहे हैं। सरकार ने 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है और मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस लक्ष्य को हासिल भी किया जा सकता है। ऐसे में यह कहना समीचीन होगा कि अंतरिम बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री वैसे प्रावधान करेंगी, जिनकी मदद से देश के विकास को पंख लग सकें साथ ही साथ आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए कल्याणकारी प्रावधानों की भी घोषणा की जा सकती है।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अंतरिम बजट
शंभू भद्र

# 'ज्ञान' को गारंटी का होगा रोडमैप

> अंतरिम बजट में अर्थव्यवस्था में सरकार के फोकस एरिया का रोडमैप देखने को मिल जाएगा। सरकार ने हाल में गरीब, युवा, किसान व महिलाओं (ज्ञान) के उत्थान पर केंद्रित विकास पर अधिक चर्चा की है, इसलिए अंतरिम बजट में 'ज्ञान' के लिए नई घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्हें चार 'जातियां' बता चुके हैं। यह भी कह चुके हैं कि उनकी योजनाओं के केंद्र में यही चार जातियां रहती हैं। इसके अलावा आयकर की छूट सीमा में वृद्धि, कर छूट, रोजगार सृजन, सस्ते मकान की योजना, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, हरित विकास, ग्रीन हाइड्रोजन, क्रिप्टो, एआई, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि सेक्टर संबंधी घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं।

आज वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश हो रहा है। यूं तो अंतरिम बजट होने के कारण किसी बड़े एलान की उम्मीद कम है, इसके बावजूद चुनावी वर्ष होने के चलते इसमें राजनीति और अर्थशास्त्र का संगम देखने को मिल सकता है। आम लोग, किसान, असंगठित श्रमिक, सेवा प्रदाता और उद्योग जगत समेत लगभग सभी वर्ग को बजट से उम्मीदें रहती हैं। चूंकि पूर्ण बजट इस बार नई सरकार के गठन के बाद जुलाई में आएगा, उसमें कायदे से बजट की बारीकियां देखने को मिलेंगी, लेकिन इस अंतरिम बजट में अर्थव्यवस्था में सरकार के फोकस एरिया का रोडमैप देखने को मिल जाएगा। सरकार ने हाल में गरीब, युवा, किसान व महिलाओं (ज्ञान) के उत्थान पर केंद्रित विकास पर अधिक चर्चा की है, इसलिए अंतरिम बजट में 'ज्ञान' के उत्थान लिए नया रोडमैप देखने को मिल सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इन्हें चार 'जातियां' बता चुके हैं। यह भी कह चुके हैं कि उनकी योजनाओं के केंद्र में यही चार जातियां रहती हैं। इसके अलावा आयकर की छूट सीमा में वृद्धि, कर छूट, रोजगार सृजन, सस्ते मकान की योजना, सोशल स्कीम्स में वृद्धि, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस, हरित विकास, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर उद्योग, निर्यात बढ़ाने के उपाय, क्रिप्टो, एआई, शिक्षा व स्वास्थ्य आदि सेक्टर से संबंधित कई नई घोषणाएं देखने को मिल सकती हैं। अंतरिम बजट सीधे तौर पर लोकलुभावन नहीं होगा, पर वह वोट बैंक की गणित के हिसाब से लगभग सभी आर्थिक व सामाजिक वर्ग को एड्रेस जरूर करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पहले ही साफ़ कर दिया है कि नागरिकों को 1 फ़रवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट 2024-25 में किसी शानदार घोषणा की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। इस अंतरिम बजट में 'मोदी की गारंटी' वाली योजनाओं की छाप रहेगी। विश्व में युद्ध, संघर्ष, अशांति, भूराजनीतिक तनाव, सुस्त ग्रोथ, ट्रेड वार आदि के बावजूद अपने घरेलू कंज्यूमर की ताकत के चलते अंतरिम बजट प्रोग्रेस और अर्थव्यवस्था की मजबूती को बढ़ावा देने वाला होगा। समावेशी विकास के लिए देश को कॉरपोरेट के साथ कॉपरेटिव इकोनॉमी की तरफ भी बढ़ने की आवश्यकता है। बजट में अभी-अभी गरीबी से बाहर निकले नियो मिडिल क्लास के विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

पिछले कुछ बजटों में एक वर्ष के बजाय तीन वर्ष, पांच वर्ष, दस वर्ष व पचीस वर्ष को ध्यान में रखकर आर्थिक घोषणाएं की गई हैं, ऐसे में एक वित्त वर्ष के आम बजट की अहमियत कम हुई है। अंतरिम बजट की तो बात ही क्या है। फिर भी सरकार कृषि बजट का आवंटन बढ़ा सकती है। किसान निधि राशि 6 हजार से बढ़ा कर 9 हजार प्रतिवर्ष कर सकती है। इससे करीब 11 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 2022-23 में 4 प्रतिशत से घटकर 1.8 प्रतिशत होने की उम्मीद है। नए वित्त वर्ष में इसे बढ़ाने के उपाय बजट में करने की जरूरत है। महिलाओं व युवाओं के लिए रोजगारपरक फ्लैगशिप योजना शुरू की जा सकती है। बीपीएल गरीबों के लिए



भी सोशल वेलफेयर स्कीम्स का दायरा सरकार बढ़ा सकती है। सरकार 3एफ-फूड, फर्टिलाइजर व फ्यूल पर फोकस कर सकती है। ये मंत्र पिछले कुछ बजट में फोकस में रहे हैं। सबसे अधिक सब्सिडी खर्च इन्हीं तीन एफ पर होती है। सरकार 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान और निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक आकर्षक बना सकती है। राजकोषीय घाटे व वित्तीय घाटे को नियंत्रित करने की जरूरत है। आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए सरकार इस बजट में पूंजीगत व्यय बढ़ाकर बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास की गति बनाए रख सकती है। ग्रामीण सड़क योजना व पीएम विश्वकर्मा योजना के लिए अधिक आवंटन कर सकती है। फिनटेक व डिजिटेक उद्योग आर्थिक विकास की रीढ़ है। अंतरिम बजट में इन्हें समर्थन मिल सकता है।

अभी हाल में दो आंकड़े आए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि भारत में पांच साल में करीब 13 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए, नीति आयोग ने कहा कि मोदी सरकार के नौ साल में करीब 24.82 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। अगर ये आंकड़े पुख्ता हैं, तो अब सरकार को अपनी रेवड़ी स्कीम्स की समीक्षा करनी चाहिए। पीडीएस, मुफ्त राशन, अंत्योदय, दूसरे डीबीटी स्कीम्स आदि को केवल जरूरतमंदों तक ही सीमित करने चाहिएं। यह कितना विरोधाभास है कि एक तरफ देश में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल रहे हैं, दूसरी तरफ सरकार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त अनाज दे रही है। अब समय आ गया है कि सरकार को सभी रेवड़ी योजनाओं को बंद करके केवल रोजगार सृजन योजना पर फोकस करना चाहिए। देश में बेरोजगारी की दर चिंताजनक स्तर पर है। भाजपा ने हर वर्ष दो करोड़ रोजगार सृजन का वादा भी किया था। नागरिकों को समर्थ, सक्षम बनाने की जरूरत है। मनरेगा, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, कौशल विकास, स्वाबलंबन योजना, विश्वकर्मा योजना और सेल्फ हेल्फ ग्रुप योजना आदि के जरिये रोजगार सृजन को मजबूती मिल रही है, लेकिन इन सबको रोजगार सृजन की एक छतरी में लाकर एक प्रभावी फ़्लैगशिप योजना रोल आउट की जा सकती है।

अभी भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ रही है, चालू वित्त वर्ष में आयकर और कॉरपोरेट करों से संग्रह में उछाल दिख रहा है और जीएसटी संग्रह भी रिकार्ड हो रहा है, वैश्विक व घरेलू अनुमान 7 फीसदी जीडीपी दर के करीब के हैं। अभी भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसका साइज 3.7 ट्रिलियन डॉलर है। 2027 तक 5 ट्रिलियन व 2030 तक 7 ट्रिलियन की इकोनॉमी बनने की उम्मीद है, ऐसे में सरकार के पास कठोर वित्तीय फैसले लेने के मौके हैं। सरकार सब्सिडी को तर्कसंगत बनाए, पांच फीसदी तक महंगाई की चिंता ना करे, रेवड़ी स्कीम्स बंद करे, कृषि, सेवा क्षेत्र व उद्योग के लिए उदार माहौल बनाए। लालफीताशाही खत्म करे व जीएसटी को सरल बनाए। सरकार को कॉपरेटिव सेक्टर को मजबूत करना चाहिए। वृह्द, मध्यम, लघु व सहकारी उद्यम को एक साथ बढ़ावा देने से समावेशी विकास संभव है। यही विकसित भारत की राह है।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए और सस्ते आवास के लिए सरकार आकर्षक योजनाएं ला सकती हैं। बीमा क्षेत्र की पहुंच को बढ़ाने के लिए 25 वर्ष से अधिक उम्र के सभी नागरिकों के लिए 65 वर्ष की उम्र तक अनिवार्य पेंशन स्कीम लेकर आना चाहिए, जिसमें हर नागरिक के लिए कम से कम 30 वर्ष योगदान करना अनिवार्य हो। इसमें सरकार को दोहरा फायदा है। विकास योजनाओं के लिए कभी फंड की दिक्कत नहीं होगी और वृद्ध नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा के लिए चिंता नहीं करनी होगी। नागरिकों को भी सरकार की पेंशन पर निर्भर नहीं रहना होगा। आर्थिक तस्वीर बदल सकती है।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं। *-सद्गुरु*

## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## प्रार्थना



गुवाहाटी में अहोम समुदाय के लोग बुधवार को मी-डैम-मी-फी के अवसर पर प्रार्थना करते हुए।

## आज की पाती

### गहरी हैं भ्रष्टाचार की जड़ें

सन 1972 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने कहा था कि भ्रष्टाचार व्यापक जोड़ तोड़, व्यक्तिगत लाभ, स्वार्थ परक राजनीति से पनपता है। इससे भ्रष्ट नौकरशाह को बढ़ावा मिलता है। इस स्थिति में सत्यनिष्ठ और ईमानदार लोगों को काम करने में कठिनाई होती है। देश में ईडी के पड़ रहे छापे से यह बात साबित होती है की देश में पहले से भ्रष्टाचार बढ़ा है। अधिकारी और राजनेता इसमें लिप्त पाये जा रहे है। पक्ष-विपक्ष एक दूसरे पर भ्रष्टाचार का आए दिनों आरोप लगाते रहते हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की है, लेकिन इसकी जड़ें बहुत गहरी हैं, इससे मिलकर लड़ना होगा। *-राजेश सोनी, रायगढ़*

## करंट अफेयर


### नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया पूर्ण



नोबेल शांति पुरस्कार-2024 के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार को समाप्त हो जाएगी। इसके लिए नामांकित लोगों में गाजा और यूक्रेन युद्धों से जुड़े शांति कार्यकर्ता शामिल हैं। नॉर्वे की नोबेल समिति नामांकन को गुप्त रखती है, लेकिन नामांकन अधिकार वाले लोग कभी-कभी अपनी पसंद को सार्वजनिक कर देते हैं। गाजा में युद्ध को समाप्त करने का प्रयास कुछ घोषित नामांकनों का विषय रहा है। फ्री यूनिवर्सिटी एम्स्टर्डम के शिक्षाविदों ने कहा कि उन्होंने इजराइल और फलस्तीनियों के बीच शांति प्रयासों के लिए पश्चिम एशिया स्थित संगठनों इकोपीस, वुमेन वेज पीस और वुमेन ऑफ द सन को नामित किया है। विश्वविद्यालय के शांति और संघर्ष अध्ययन विभाग ने कहा,'वे महिलाओं और जलवायु न्याय की भूमिका पर विशेष ध्यान देने के साथ पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने के लिए समुदायों को एक साथ ला रहे हैं।' नॉर्वे की सांसद इंगविल्ड वेट्रहस थोर्सविक ने समाचार पत्र वीजी को बताया कि उन्होंने गाजा की स्थिति का दस्तावेजीकरण करने के लिए फलस्तीनी वीडियो पत्रकार मोताज़ अजैजा को नामित किया है।

## ऑफ बीट

### कीड़े रात में रोशनी के पास आते हैं



लौ पर मंडराते कीटों के इस सम्मोहक व्यवहार के लिए कई पुराने स्पष्टीकरण पूरी तरह से सामने नहीं आए हैं। एक प्रारंभिक धारणा यह थी कि कीड़े लौ की गर्मी से आकर्षित हो सकते हैं। यह दिलचस्प था, क्योंकि कुछ कीड़े वास्तव में पायरोफिलिक होते हैं: वे आग की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन प्रकाश के आसपास के अधिकांश कीड़े इस श्रेणी में नहीं आते हैं, और ठंडी रोशनी भी उन्हें खूब आकर्षित करती है। एक और विचार यह था कि कीड़े सीधे प्रकाश की ओर आकर्षित होते हैं, इस प्रतिक्रिया को फोटोटैक्सिस कहा जाता था। कई कीड़े प्रकाश की ओर बढ़ते हैं, शायद अंधेरे या उलझे हुए परिवेश से बचने के एक तरीके के रूप में। लेकिन अगर यह प्रकाश के चारों ओर समूहों के लिए स्पष्टीकरण था, तो आप उनसे सीधे स्रोत में टकराने की उम्मीद कर सकते हैं। यह उन कीड़ों के प्रकाश के आसपास बेसबब चक्कर लगाने वाले व्यवहार की व्याख्या करने में बहुत कम योगदान देता है। फिर भी एक और विचार यह था कि कीड़े गलती से पास की रोशनी को चंद्रमा समझ सकते हैं, क्योंकि वह आकाशीय रास्ते का उपयोग करने का प्रयास करते हैं। कई कीड़े रात में अपना रास्ता बनाए रखने के लिए चंद्रमा का संदर्भ लेते हैं।

## ट्रेंड

### पीढ़ियां हमें याद रखें



कई मित्र वर्ष 2047 को देखने के लिए इस सदन में नहीं होंगे, लेकिन हमारी विरासत ऐसी होनी चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां हमें याद रखें। सीमाओं से सटे गांवों को अंतिम गांवों के रूप में देखा जाता था। हमने उन्हें पहले गांवों के रूप में मान्यता दी।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### डब्ल्यूएचओ अस्पताल में तैनात



गाजा के खान यूनिस में नासिर अस्पताल के आसपास चल रहे भारी सैन्य अभियानों के बीच, डब्ल्यूएचओ और साझेदार 1000 रोगियों के लिए आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने में सक्षम थे।।
-टेड्रोस एडनोम, डब्ल्यूएचओ प्रमुख

### कर्म बीज हैं और हम परिणाम



हर कार्य परमात्मा की सेवा मानकर करना ही जीवन की संसिद्धि का रहस्य है। कर्म बीज हैं, हम जो भी हैं अपने कर्मों का परिणाम हैं, इसलिए कर्म योग हमें यह सिखाता है कि हमारे शुभाशुभ कर्मों द्वारा ही हमारे भविष्य का निर्धारण होता है।
-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### फ़र्ज़ीवाडा करते फर्ज निभाया



चंडीगढ़ मेयर चुनाव कितना निष्पक्ष था इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीजेपी ने अपने नेता को पीठासीन अधिकारी बनाया था। फ़र्ज़ीवाडा करते हुए अपना फ़र्ज़ और पार्टी का क़र्ज़ बहुत अच्छे से निभाया इन्होंने।
-राघव चड्ढा, आप सांसद

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
गुरुवार, 1 फरवरी 2024
माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 22, अंक : 195
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 29.0
न्यून. 15.8


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

7
ईपीएल : आर्सेनल जीता, एटेबायो...



विचार पेज
'ज्ञान' को गारंटी का होगा रोडमैप




# अंतरिम लेकिन चुनावी बजट में आज खुलेगा पिटारा, किसानों का बढ़ेगा 'सम्मान'!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आम बजट एक ऐसा इवेंट है, जिसका सभी को इंतजार रहता है। बजट में हर वर्ग के लोगों के लिए घोषणाएं आने की उम्मीद रहती है। चुनावी साल होने के कारण यह एक अंतरिम बजट होगा। जो नई सरकार चुनकर आएगी, उसकी पूर्ण बजट पेश करने की जिम्मेदारी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुवार को बजट पेश करने के लिए अपना ▶▶|शेष पेज 2 पर

खास खबर

### एक साथ मिलेगी 16वीं और 17वीं किस्त!

किसानों को सम्मान निधि की 16वीं और 17वीं किस्त एक साथ मिल सकती है। 2019 में अंतरिम बजट में पीयूष गोयल ने जब पीएम किसान सम्मान निधि को लॉन्च करने का ऐलान किया था तो उसके बाद पीएम मोदी ने पीएम किसान योजना की पहली और दूसरी किस्त दी थी।

## केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण आज पेश करेंगी अंतरिम बजट

- किसानों की बढ़ सकती है सम्मान निधि, महिलाओं को टैक्स में छूट की उम्मीद



उम्मीदों का बजट...

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लिए अधिक आवंटन
- पीएम-किसान योजना के तहत सहायता को 8,000 रुपए और 10,000 रुपए के बीच
- ग्रामीण आवास योजना पीएमएवाई-ग्रामीण अपने दूसरे चरण में प्रवेश कर सकती है
- सामाजिक खर्च पहुंच को अधिकतम करने के लिए तकनीक पर अधिक ध्यान दे सकती है

### महिलाओं पर फोकस होगा बजट



अंतरिम बजट में महिलाओं पर बड़ा फोकस रह सकता है। महिला वर्ग देश की एक बड़ी आबादी है। चुनावों को देखते हुए भी सरकार महिलाओं को फोकस में रख सकती है। पीएम ने कहा, पहले सत्र के आखिर में संसद ने एक बहुत गरिमापूर्ण फैसला लिया था। यह फैसला नारी शक्ति वंदन अधिनियम था। उसके बाद 26 जनवरी को भी देश ने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के सामर्थ्य को, नारी शक्ति के शौर्य को और नारी शक्ति के संकल्प की शक्ति को अनुभव किया।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1153 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### डीजी मिश्रा को सेवावृद्धि नहीं, हुए सेवानिवृत्त




**रायपुर।** भारतीय पुलिस सेवा के 1990 बैच के अधिकारी राजेश मिश्रा स्पेशल डीजी के पद से 31 जनवरी को रिटायर हो गए। वे स्पेशल डीजी अभियोजन और एफएसएल के पद पर सेवाएं दे रहे थे। श्री मिश्रा के संबंध में सेवा वृद्धि दिए जाने की चर्चा थी। ▶▶|शेष पेज 2 पर

### फास्टैग के लिए केवाईसी अब 29 फरवरी तक




**नई दिल्ली।** राजमार्गों का प्रबंधन करने वाले निकाय एनएचएआई ने फास्टैग के लिए केवाईसी अनुपालन की समय सीमा एक महीने के लिए बढ़ा दी है। एनएचएआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''फास्टैग उपयोगकर्ताओं! एक वाहन - एक फास्टैग पहल को लागू करने और अपने फास्टैग के

### टेक्निशियन से 17 लाख की धोखाधड़ी



**ठाणे।** ठाणे जिले में कंप्यूटर तकनीशियन के साथ 17 लाख रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी हो गई। इसमें जालसाजों ने उसे रेटिंग करने और 'बिटकॉइन' में निवेश पर जल्दी लाभ होने का वादा किया था। पीड़ित ने धोखाधड़ी में 17.33 लाख रुपये गंवा दिए।

### देश में कोविड-19 के 133 नए मामले



**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 से संक्रमण के 133 नए मामले सामने आए जबकि दो मरीजों की मौत हो गई। इस वायरस से दो मरीजों की मौत हो गई। गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक मरीज की मौत हो गई। उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,389 हो गई है।

### शिवसेना विधायक अनिल बाबर का निधन



**मुंबई।** शिवसेना विधायक अनिल बाबर का निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को यह जानकारी दी। बाबर महाराष्ट्र के सांगली जिले के खानापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे। शिंदे ने कहा कि बाबर के निधन से उन्होंने एक मार्गदर्शक को खो दिया है।

### गूंजा हर-हर महादेव, व्यास जी के नाती कर सकेंगे पूजा-अर्चना

# ज्ञानवापी पर बड़ा फैसला, 30 साल बाद व्यासजी तहखाने में गूंजेंगे मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| वाराणसी

उत्तर प्रदेश के वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। मुस्लिम पक्ष ने इस आदेश को अदालत में चुनौती देने का फैसला किया है। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जिला न्यायाधीश अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यासजी के नाती शैलेन्द्र पाठक को दे दिया है। उन्होंने बताया कि जिला न्यायाधीश ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेन्द्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किये गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं। यादव ने बताया कि पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी महाराज के सामने लगी बैरीकेडिंग को हटाकर रास्ता खोला जाएगा।

**हिंदू पक्ष ने फैसले को राम मंदिर का ताला खोलने जैसा माना**

*वाराणसी में काशी विश्वाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद से जुड़े व्यासजी के तहखाने पर बुधवार को अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। जिला जज की अदालत ने 30 साल बाद व्यासजी के तहखाने में पूजा का अधिकार दे दिया है। पूजा पाठ करने का अधिकार व्यासजी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। हिंदू पक्ष इसे राममंदिर का ताला खोलने जितना बड़ा फैसला मान रहा है। इधर, मुस्लिम पक्ष ने इस आदेश को अदालत में चुनौती देने का फैसला किया है।*

### खास बातें

- तहखाने में 1993 से बंद था पूजा-पाठ
- डीएम 7 दिन में करेंगे पूजा का इंतजाम
- काशी-विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट तय करेगा पुजारी



### मौर्य बोले- शिवभक्तों को मिला न्याय

*प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अदालत के इस आदेश का स्वागत करते हुए 'एक्स' पर कहा, शिव भक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता श्रृंगार गौरी।*

### अभी क्या फैसला आया

बुधवार को जिला जज की कोर्ट ने अपने एक आदेश में व्यासजी के तहखाने में पूजा की अनुमति दे दी। ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा किए संबंधी आवेदन पर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली गई थी।

### अब आगे क्या

वादी अधिवक्ताओं ने कहा है कि व्यासजी के तहखाने को डीएम की सुपुर्दगी में दिया गया है। अधिवक्ताओं के अनुरोध पर कोर्ट ने नंदी के सामने की बैरिकेडिंग को खोलने की अनुमति दी है। ऐसे में अब तहखाने में 1993 के पहले के जैसे पूजा के लिए अदालत के आदेश से आने- जाने दिया जाएगा।

### क्या है व्यासजी का तहखाना?

व्यासजी का तहखाना काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अंदर ही ज्ञानवापी के दक्षिणी दिशा में स्थित है। 1993 तक सोमनाथ व्यास का परिवार यहां पूजा पाठ करता था। अयोध्या में विवादित ढांचा ढहने के बाद ज्ञानवापी मस्जिद की सुरक्षा के लिए उसकी घेरेबंदी कर दी गई। लोहे की 25 से 30 फीट ऊंची-ऊंची बाड़ लगा दी गई। इससे तहखाना भी लोहे की बाड़ के अंदर आ गया। मस्जिद के मुख्य दरवाजे को छोड़कर इस बाड़ के अंदर कहीं से भी आने का रास्ता नहीं था। मस्जिद के गेट पर भी चेकिंग के बाद ही केवल नमाज अदा करने वालों को प्रवेश की इजाजत थी। सरकार या प्रशासन की तरफ से तहखाने में पूजा-पाठ की आधिकारिक रोक तो नहीं थी लेकिन लोहे की बाड़ के कारण पूजा-पाठ के लिए व्यास जी उसके बाद कभी अंदर नहीं जा सके।

संसद का बजट सत्र शुरू

## राष्ट्रपति बोलीं- 4 स्तंभों पर खड़ी होगी विकसित भारत की इमारत



ये हैं चार स्तंभ
युवाशक्ति | किसान
नारीशक्ति | गरीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ ही बुधवार से संसद के बजट सत्र का शुभारंभ हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नए संसद भवन में अपने पहले संबोधन में नई संसद में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की महक महसूस हो रही है। राम मंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी, आज यह सच हो चुकी है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं।

### पीएम मोदी का राम-राम

*सत्र शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी को 2024 की 'राम-राम'। पीएम मोदी ने कहा कि जब चुनाव का समय निकट हो तो पूर्ण बजट नहीं रखते। हम भी नई सरकार बनने पर आपके सामने पूर्ण बजट लेकर आएंगे। उन्होंने कहा हमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन मिलेगा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी, नारी शक्ति की ताकत दिखेगी।*

### सच छिपाने का प्रयास किया गया : कांग्रेस

*कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण में आंकड़ों के जरिये गुमराह करने का प्रयास किया गया। इसमें महंगाई एवं बेरोजगारी जैसी महत्वपूर्ण मुद्दों का कोई उल्लेख नहीं था। पार्टी नेता गौरव गोगोई ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति को संसद पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए जा रहे हमले को लेकर चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी।*

घायलों को जिला अस्पताल बीजापुर में कराया गया भर्ती

## ट्रेलर-पिकअप में टक्कर चार की मौत, 10 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर के नैमेड थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसा में 4 ग्रामीणों की मौत हो गई है। वहीं 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा है। घटना भैरमगढ़ थाना ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पारिवारिक मिलन समारोह से लौटते वक्त हुआ हादसा

ग्राम मुसालूर से तेलम परिवार के मिलन समारोह मनाकर पिकअप वाहन में फुलगट्टा (भैरमगढ़) वापस लौट रहे थे, देर शाम विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर से टक्कर हो गई। इस जबरदस्त टक्कर में पिकअप सवार ग्रामीणों में से 4 की मौके पर मौत हो गई। ▶▶|शेष पेज 2 पर

## बर्फ से लदे पहाड़

**मनाली, डलहौजी समेत आसपास में बर्फबारी** | **अटल टनल पर बर्फ की एक फीट मोटी परत**



**मनाली।** हिमाचल प्रदेश में ऊंची चोटियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। मनाली, डलहौजी, नारकंडा, खड़ापत्थर के साथ-साथ भरमौर, उदयपुर, केलांग, कोकसर और सिस्सू में ताजा हिमपात हुआ है। इनमें से कई जगह बर्फबारी का दौर अगले दो दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। अटल टनल पर बर्फ की एक फीट मोटी परत जम चुकी है।

*आयात शुल्क 15 से घटाकर किया 10 फीसदी*

## कलपुर्जों पर घटाया आयात शुल्क, सस्ते होंगे मोबाइल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



भारत ने मोबाइल फोन विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले बैटरी कवर, लेंस और सिम सॉकेट जैसे कलपुर्जों पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। ऐसे में मोबाइल फोन सस्ता हो सकता है। सरकार के इस कदम का मकसद स्थानीय उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देना के साथ ही स्थानीय बाजारों में उत्पाद की कीमतें कम करना है। वित्त मंत्रालय ने सेल्युलर मोबाइल फोन के लिए स्क्रू, सिम सॉकेट या धातु की अन्य यांत्रिक वस्तुओं सहित कलपुर्जों के आयात पर शुल्क में कटौती संबंधी अधिसूचना 30 जनवरी को जारी की।

### इलेक्ट्रॉनिक देश का 5वां सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र

इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन पंकज महेंद्रू ने कहा कि यह भारत में मोबाइल विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप है। महेंद्रू ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक 2024 में भारत का 5वां सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र बन गया है।

### 47 लाख करोड़ से ज्यादा के मालिक

## इब्राहीम मलेशिया के नए राजा, बेटा भारतीय सेना में रह चुका है कैप्टन

**नई दिल्ली।** 47 लाख करोड़ से ज्यादा की अकूत संपदा के मालिक इब्राहिम इस्कंदर इस्लामिक देश मलेशिया के नये राजा चुने गए हैं। इब्राहिम जोहोर राज्य के सुल्तान भी हैं। इनके पास इतनी संपदा है कि सुनकर किसी के भी होश उड़ जाएं। उनके पास अपनी प्राइवेट आर्मी है, 300 से ज्यादा लग्जरी गाड़ियां और कई जेट विमान हैं।




*बेटा भारतीय सेना में रह चुका कैप्टनः इब्राहिम के बेटे टुंकू इस्माइल ने अपने दिवंगत दादा की तरह जुलाई 2003 में देहरादून स्थित आईएमए से एक कैडेट अधिकारी के रूप में दाखिला लिया था। दिसंबर 2004 में लेफ्टिनेंट के रूप में उन्होंने भारतीय सेना जॉइन की थी।*

चंद्रशेखर के काले कारनामों की राजदार जैकलीन पर ईडी का बड़ा दावा

## अपराध की आय से लिया आनंद, मोबाइल से मिटाए अहम सबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ईडी ने 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट में बड़ा दावा किया है। ईडी कोर्ट को बताया कि आरोपी बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज जानबूझकर कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर के अपराध की आय के कब्जे और उपयोग में शामिल हुई थीं। ईडी ने हाई कोर्ट के समक्ष जैकलीन द्वारा दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग पर आपत्ति जताते हुए हाई कोर्ट के समक्ष यह तर्क रखा। ईडी का यह तर्क फर्नांडीज की याचिका के जवाब में दायर एक हलफनामे में दिया गया है, जिसमें कथित तौर पर चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके खिलाफ एफआईआर को रद्द करने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी के समक्ष फर्नांडीज के वकील ने ईडी के हलफनामे के जवाब में प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए समय मांगा।



### जैकलीन ने ईडी पर लगाए पक्षपात के आरोप

*जैकलीन आरोप लगाया कि ईडी ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाते समय पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है। ईडी ने नोरा फतेही को क्लीन चिट दे दी है, जबकि यह रिकॉर्ड पर स्वीकार किया गया तथ्य है कि उनके परिवार के सदस्य को उनके निर्देश पर सुकेश चंद्रशेखर से बीएमडब्ल्यू कार मिली थी।*

### ईडी ने कहा-जैकलीन को पता था चंद्रशेखर का इतिहास



*जांच एजेंसी ने कहा कि जैकलीन फर्नांडीज को चंद्रशेखर के आपराधिक इतिहास के बारे में अच्छी तरह से पता था। यह तथ्य भी था कि लीना मारिया पॉल उसकी पत्नी है, लेकिन इसके बावजूद, उसने उसके साथ संबंध जारी रखा और उससे वित्तीय लाभ भी प्राप्त किया, जो अपराध की आय के अलावा और कुछ नहीं है।*



## डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# सिंप्टंप्स दिखने पर ना करें कैंसर टेस्ट कराने में देरी




**मेरी उम्र 51 वर्ष है। मेरी फैमिली में कैंसर की हिस्ट्री रही है। मुझे यह बीमारी ना हो, इसके लिए मुझे क्या सावधानियां बरतनी चाहिए?**

**-शशिकांत, बिलासपुर**

इस तरह की बीमारी आनुवांशिक नहीं होती है कि परिवार में किसी को हुई है तो दूसरे को होगी ही। इसके बावजूद आप खान-पान पर ध्यान दें। कैंसर संबंधित कुछ सामान्य जांच होती हैं, इन्हें करवा सकते हैं। किसी भी प्रकार के कैंसर जैसे लक्षण दिखने पर जांच कराने में लापरवाही ना बरतें।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरी नाक से पानी निकलता रहता है। इससे बहुत परेशानी महसूस होती है, कृपया मेरी समस्या का समाधान बताएं?**

**-राजकुमार, रायपुर**

अधिक सर्दी होने से इस तरह की परेशानी काफी लोगों को होती है। इसके लिए आपको सर्दी से बचना होगा। साथ ही अपना खान-पान ऐसा करना होगा, जिससे कम तापमान में भी बॉडी बैलेंस कर सके। इसके लिए अपनी डाइट में गर्म तासीर वाले फूड्स अधिक मात्रा में लें।

**मेरी उम्र 43 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे बार-बार यूरीनेशन के लिए जाना पड़ता है। खान-पान और लाइफस्टाइल में कोई बदलाव नहीं किया है। ऐसा क्यों हो रहा है और मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रकाश, रोहतक**

जिस तरह की समस्या आप बता रहे हैं, वह गर्मी के मुकाबले सर्दियों में काफी लोगों को होती है। आप इस बात पर गौर करें कि क्या आपको ऐसी समस्या हर बार सर्दियों में होती है? क्योंकि गर्मियों में शरीर से पसीना निकलता है, लेकिन सर्दियों में पसीना नहीं निकलता। इन दिनों कम पानी पीने के बाद भी यूरिनेशन बार-बार जाना आम है। इसके बाद भी कोई संदेह है तो आप जरूर एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 34 वर्ष है। कुछ दिनों से मुझे भूख नहीं लगती, थकान होती है, मुंह पर सूजन हो रही हैं। ये किस बीमारी के लक्षण हो सकते हैं, मुझे किस डॉक्टर को दिखाना चाहिए, कृपया बताएं?**

**-कुलदीप, भोपाल**

जैसा आप बता रहे हैं कि भूख नहीं लगती और थकान भी लग रही है, तो यह कई बीमारी की वजह से हो सकता है, मसलन शरीर में खून की कमी या टीबी होने पर भी ऐसे ही कुछ लक्षण दिखते हैं। बेहतर होगा कि आप किसी जनरल फिजिशियन संपर्क करें। डॉक्टर कुछ टेस्ट करवाएंगे, जिससे पता चलेगा कि कोई बीमारी है या नहीं? कोई बीमारी पता चली तो उसके बाद ही ट्रीटमेंट शुरू हो पाएगा।

**मेरी उम्र 27 वर्ष है। मैं यह जानना चाहता हूं कि सर्दियों में किन फलों का ज्यादा सेवन करना चाहिए और किसे अवॉयड करना चाहिए, कृपया बताएं?**

**-रचित,जबलपुर**

सर्दी के मौसम में आपको कफ कोल्ड ज्यादा होता है तो खट्टे फल खाने से बचें। अगर ऐसी समस्या नहीं होती है तो इस मौसम में संतरा, कीनू खाने चाहिए। इसके साथ ही अमरूद, पपीता और अनार भी खाए जा सकते हैं। केला खाने से जरूर बचना चाहिए इससे कफ कोल्ड हो सकता है।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। सर्दी से बचाव के लिए हीटर का यूज करना चाहता हूं लेकिन मुझे अस्थमा है। कुछ देर में ही घुटन महसूस होने लगती है। मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जितेंद्र, दिल्ली**

आप बता रहे हैं कि आपको अस्थमा है, इसलिए आपको थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए। बाजार में ऑयल वाले हीटर भी उपलब्ध हैं, इनका इस्तेमाल कर सकते हैं। सीधा हीटर के संपर्क ना आएं। हीटर को कमरे के दूसरे कोने में रखें और आप दूर बैठें। इससे आपको कम परेशानी होगी। *

**प्रस्तुति : रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

## डॉक्टर्स एडवाइस

## स्पेशल: वर्ल्ड कैंसर-डे, 4 फरवरी

वैसे तो कैंसर होने की कई वजहें हो सकती है। लेकिन गलत फूड हैबिट्स और लाइफस्टाइल संबंधी लापरवाही से कैंसर का रिस्क अब हर उम्र के लोगों में बढ़ने लगा है। वे कौन सी हैबिट्स हैं, जिनसे कैंसर रिस्क बढ़ता है और इससे बचने के लिए आपको किन बातों पर ध्यान देना चाहिए, यहां डिटेल में बता रहे हैं कुछ कैंसर स्पेशलिस्ट्स।

# बैड हैबिट्स और लापरवाही से बढ़ सकता है कैंसर का रिस्क







आज के बदलते दौर में हर चीज एडवांस, इफेक्टिव और ईजी टू यूज होती जा रही है, चाहे वो घरों में इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक के बोतल में पानी हो, मेयोनीज हो, टी बैग हो, ब्यूटी प्रोडक्ट्स हों या युवाओं में धूम्रपान को लेकर नए प्रयोग हों। लेकिन ऐसे कई बदलाव कैंसर के खतरे को बढ़ा रहे हैं। जानिए आज के बदलते दौर में किन कारणों से कैंसर होने की संभावना अधिक हो रही है।

### फूड आइटम्स-ईटिंग हैबिट्स

घरों में इस्तेमाल होने वाली किस तरह की चीजें, कैंसर के खतरे को बढ़ा रही हैं, इस बारे में पूछने पर एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. जे.बी. शर्मा** बताते हैं, 'घरों में इस्तेमाल होने वाली ऐसे कई चीजें हैं, जिनसे कैंसर के खतरे की संभावनाएं बढ़ रही हैं, जैसे- प्लास्टिक की बोतल में रखा पानी पीना खतरनाक हो सकता है क्योंकि इसमें माइक्रो प्लास्टिक पाए जाते हैं। इस तरह कुछ लोग आजकल प्लास्टिक की थैली में पैक गर्म चाय लेकर पीते हैं, जबकि इसमें भी माइक्रो प्लास्टिक होता है, जिसकी आपके शरीर में जाने की संभावना होती है। वहीं, आजकल टी बैग के इस्तेमाल के कारण भी कैंसर होने की संभावना बनी रहती है। दरअसल, इसमें एपिक्लोरो हाइड्रिन नामक एक रसायन होता है, जो गर्म पानी में घुल जाता है और कैंसर का कारण बन सकता है। इसके अलावा आजकल की टेक्नोलॉजी में जहां आपके लिए चीजें आसान हो गई हैं, वहीं खतरे भी बढ़ गए हैं, जैसे- यदि आप ओवन में खाना गर्म करके खाते हैं, तो प्लास्टिक के बर्तनों आदि का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि प्लास्टिक को गर्म करने पर इसमें से एंडोक्रिन डिस्ट्रिक्टिंग नामक खतरनाक केमिकल निकलता है, जो खाने के साथ घुलकर शरीर में चला जाता है और कैंसर की आशंका को बढ़ाता है। इसके अलावा लोग घरों में खाना नॉनस्टिक बर्तन में पकाते हैं। अगर उसमें खाना जल जाए तो कभी ना खाएं, क्योंकि इसमें एक्रिलामाइड नामक केमिकल बनने लगता है, जो कैंसर का कारण बनता है। वहीं, मोमोज जैसे खाने पीने की चीजों में इस्तेमाल होने वाला वाइट कलर का मेयोनीज आजकल खूब पसंद किया जा रहा है, मगर इसमें मौजूद फूड एडिटिव्स की वजह से आपको कोलोरेक्टल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। साथ ही पिज्जा, बर्गर, हॉट डॉग, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स, प्रोसेस्ड मीट, सॉसेज, पैकेज्ड फूड्स, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट और अधिक मीठे खाद्य पदार्थों के सेवन से आपको कैंसर होने का ज्यादा खतरा होता है।'



### ब्यूटी प्रोडक्ट्स का यूज

महिलाओं और पुरुषों के द्वारा यूज किए जाने वाले कई लो क्वालिटी के ब्यूटी प्रोडक्ट्स कैंसर से संबंधित खतरा उत्पन्न कर सकते हैं। इस बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. राजित चानना** बताते हैं, 'आजकल बालों को सिल्की करने के लिए कई प्रकार के केमिकल युक्त उत्पादों का प्रयोग किया जाता है, जिसमें फॉर्मेल्डिहाइड और फॉर्मेल्डिहाइड-रिलीजिंग रसायन होते हैं। हालांकि इनपर एफडीए का प्रतिबंध लगा हुआ है। लेकिन इस प्रकार के लो क्वालिटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है। बालों को सीधा करने वाले इस प्रकार के कुछ उत्पादों के प्रयोग से अल्पकालीन और दीर्घकालीन गंभीर समस्याएं होने की संभावना बनी रहती है। फॉर्मेल्डिहाइड धुएं के संपर्क में आने से आंख, नाक और गले में जलन हो सकती है। साथ ही श्वसन समस्याएं भी हो सकती है। आगे चलकर कैंसर का भी जोखिम बढ़ जाता है। इसको लेकर 2022 के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा अध्ययन से भी कई संकेत मिलते हैं, जिनमें इन रसायनों के धुएं से महिलाओं में गर्भाशय कैंसर की अधिक संभावना को बताया गया है। इसलिए रोजमर्रा के उत्पादों में कार्सिनोजेनिक एजेंटों को पहचान कर उनका प्रयोग ना करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसी से आप संभावित कैंसर की समस्याओं से बच सकते हैं। इसी के साथ यह भी जरूरी है कि आप सुरक्षित हेयर प्रोडक्ट्स की पहचान करके उन्हीं का प्रयोग करें।'

### न्यू स्मोकिंग हैबिट्स

यंगस्टर्स में स्मोकिंग और इसके अलग-अलग तरह के नए शौक से कैंसर का खतरा भी बढ़ रहा है, इस बारे में पूछने पर नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर कंसल्टेंट एंड डायरेक्टर-मेडिकल ऑन्कोलॉजी- **डॉ. रणदीप सिंह** बताते हैं, 'स्मोकिंग और शराब का सेवन कैंसर कारक तो है ही। इसके साथ-साथ आजकल सिगरेट की लत छुड़ाने के लिए मार्केट में आई ई-सिगरेट, जो युवा वर्ग में काफी लोकप्रिय हो रही है, भी कैंसर के खतरे को तेजी से बढ़ा रही है। इसमें प्रयोग होने वाले केमिकल काफी खतरनाक होते हैं, जैसे- निकोटिन, फॉर्मेल्डिहाइड, टिन, निकिल, कॉपर, लेड, क्रोमियम, आर्सेनिक और डाई एसेटाइल मेटल जैसे पदार्थ क्वाइल में मिले होते हैं। दरअसल, ई-सिगरेट के वेपर को गर्म करने के लिए क्वाइल का इस्तेमाल होता है और इनसे लंग्स कैंसर का खतरा तेजी से बढ़ा है। साथ ही युवा वर्ग में फ्लेवर्ड हुक्का पीने का भी चलन तेजी से बढ़ा है, जिसमें कई खतरनाक केमिकल मिलकर फ्लेवर बनाए जाते हैं। याद रखें कि चाहे ई सिगरेट हो या फिर फ्लेवर्ड हुक्का, दोनों में खतरनाक केमिकल डाई एसिटाइल मिला होता है, जो आपकी सेहत के लिए घातक है। इनमें कुछ अन्य प्रकार के हानिकारक केमिकल भी हैं, जैसे-कार्बन मोनोऑक्साइड, कैडमियम, अमोनिया, रेडॉन (खतरनाक न्यूक्लियर गैस), मिथेन, चारकोल, एसिटोन आदि। ये केमिकल्स कैंसर के खतरे को बढ़ाते हैं।'



यहां बताई गई बातों से साबित होता है कि कैंसर से बचाव के लिए आपको अपनी डेली लाइफस्टाइल और फूड हैबिट्स पर ध्यान देना होगा। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

### भविष्य में बढ़ सकते हैं कैंसर के मामले

**वर्ल्ड कैंसर** रिसर्च फंड इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2020 में दुनिया भर में 18.1 मिलियन कैंसर के मामले थे। इनमें से 9.3 मिलियन मामले पुरुषों में और 8.8 मिलियन महिलाएं थीं। वहीं, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार साल 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 12.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। *

## अवेयरनेस

**शिखर चंद जैन**

न्यूट्रीशन से जुड़े बहुत से ऐसे मिथ प्रचलित हैं, जिनका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं होता है। इसलिए ऐसे मिथ्स और उनके फैक्ट के बारे में जरूर पता होना चाहिए।

# न्यूट्रीशन से जुड़े मिथ-फैक्ट कितने सच-कितने झूठ







आधी-अधूरी जानकारी के कारण आम लोगों में न्यूट्रीशन से जुड़े कई भ्रम फैले हुए हैं। दुनिया भर के हेल्थ एक्सपर्ट्स शोध और अध्ययनों के माध्यम से कई भ्रमों को दूर करते हुए उनकी वास्तविकता बताते रहते हैं।

**प्लांट प्रोटीन संपूर्ण नहीं :** अकसर शाकाहारियों को भ्रम होता है कि प्लांट बेस्ड फूड से शरीर के लिए जरूरी प्रोटीन की आपूर्ति नहीं हो पाती। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के न्यूट्रीशन साइंटिस्ट और मेडिकल मेडिसिन प्रोफेसर क्रिस्टोफर गार्डनर के अनुसार, 'यह एक मिथ है कि प्लांट्स में कुछ अमीनो एसिड होते ही नहीं। सच यह है कि सभी प्लांट बेस्ड फूड्स में सभी 20 प्रकार के अमीनो एसिड होते हैं। हां, इतना सा फर्क जरूर होता है कि एनिमल बेस्ड फूड की तरह इनमें अमीनो अम्लों का अनुपात आइडियल नहीं होता।'

**सोया फूड से ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क:** सोया में प्लांट एस्ट्रोजेंस की हाई डोज होती है, जिसका नाम आइसोफ्लेवोंस है। जानवरों पर किए गए अध्ययन में पाया गया है कि इनके कारण उनमें ब्रेस्ट ट्यूमर सेल स्टिम्युलेट होती हैं। हार्वर्डटी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में न्यूट्रीशन डिपार्टमेंट के प्रमुख फ्रैंक बी हू बताते हैं, 'मनुष्यों पर किए गए अध्ययन में ऐसा कुछ नहीं पाया गया। इसकी बजाय यह जरूर पाया गया है कि सोया बेस्ड फूड और ड्रिंक, ब्रेस्ट कैंसर के रिस्क से सुरक्षा देते हैं और इन बीमारी के प्रति लाभकारी होते हैं। सोया फूड्स लाभकारी पोषक तत्वों के पावर हाउस होते हैं, हार्ट डिजीज का जोखिम भी कम करते हैं। इनमें उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स होते हैं।'

**बच्चों को मूंगफली ना खिलाएं:** बरसों से माता-पिता को सलाह दी जाती रही है कि बच्चों को कम उम्र में मूंगफली ना खिलाएं। लेकिन एलर्जी एक्सपर्ट्स के मुताबिक अगर बच्चों को कोई फूड एलर्जी, एक्जिमा आदि नहीं है तो मूंगफली खिला सकते हैं। शुरुआत पीनट बटर, पीनट पफ आदि से की जा सकती है। छोटे बच्चों को पानी एब्रेस्ट मिल्क या फॉर्मूला मिल्क में पीनट बटर मिलाकर हफ्ते में एक-दो बार दे सकते हैं। नॉर्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर फूड एलर्जी एंड अस्थमा रिसर्च की निदेशक रुचि गुप्ता कहती हैं, 'बच्चे को एक्जिमा या कोई अन्य समस्या है तो चिकित्सक की सलाह लें। बच्चों को पहले साल में डायवर्स डाइट देकर फूड एलर्जी से बचाया जा सकता है।'

**डेयरी मिल्क से अच्छा प्लांट मिल्क:** अरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी की सस्टेनेबल फूड सिस्टम की प्रोफेसर कैथरीन मेरीगन कहती हैं, 'गाय के दूध के एक कप में 8 ग्राम प्रोटीन होता है, जबकि आलमंड मिल्क में मात्र एक-दो ग्राम और ओट मिल्क में मात्र दो-तीन ग्राम ही प्रोटीन होता है। इतना ही नहीं रेडीमेड प्लांट मिल्क में कई चीज ऐसी मिलाई जाती हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होती हैं।'

**आलू नुकसानदायक है:** आलू को कई लोग सेहत के लिए बुरा बताते हैं। इसकी वजह है इसका हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स यानी इसमें शीघ्र पाचन होने वाले कार्बोहाइड्रेट होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल बढ़ा सकते हैं। वैसे तो दुनिया की हर चीज किसी के लिए फायदेमंद और किसी के लिए नुकसानदायक हो सकती है। लेकिन आलू के सेवन से हेल्थ को कई लाभ भी मिलते हैं। यह कहना है जॉन हापकिंस यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ और रिसर्चर डेफिन ऑल्टेमा जॉनसन का। वे आगे बताते हैं, 'आलू में विटामिन सी, पोटेशियम और फाइबर्स के साथ-साथ कई पोषक तत्व होते हैं। विशेष रूप से छिलका समेत इन्हें खाने से काफी लाभदायक होते हैं। हां, इन्हें तलने की बजाय भून कर, बेक करऔर उबालकर खाएं।' *

## प्रिकॉशन

# मेनीक्योर हो सकता है हार्मफुल





आज के दौर में महिलाएं ही नहीं, कई पुरुष भी अपने हाथों का सौंदर्य निखारने के लिए मेनीक्योर करवाने लगे हैं। लेकिन कुछ बातों पर ध्यान ना दिया जाए तो इससे काफी नुकसान भी हो सकता है। अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित माउंट सिनाई हॉस्पिटल के डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. हर्बर्ट पी. गुडहर्ट और कोलंबिया यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर के डॉ. हैंड्रिक उइटेंडेल ने मेनीक्योर से होने वाले नुकसान के बारे में बताया है।

मेनीक्योर के पहले चरण में क्यूटिकल्स हटाए जाते हैं। इसके लिए कभी-कभी ऐसे सॉफ्टनर का इस्तेमाल किया जाता है, जिसमें तेज बेस नेचर के केमिकल्स होते हैं। इससे स्किन की प्रोटेक्टिंग लेयर किरेटिन नष्ट हो जाती है। क्यूटिकल्स हटाने से अंगुली के उस हिस्से में जलन और आस-पास स्थित ऊतकों (टिश्यूज) में इंफेक्शन हो सकता है। कभी-कभी यह इंफेक्शन फैलकर नाखूनों की जड़ तक पहुंच जाता है और नाखून सदा के लिए खराब हो सकते हैं। फ्रेंच मेनीक्योर के तहत वुडन पिक का इस्तेमाल किया जाता है। इससे भी इंफेक्शन हो सकता है। कुछ कॉस्मेटिक्स में प्वाइजनस एलर्जीकारक तत्व पाए जाते हैं, जिनमें टॉल्यूइन, फैटालेट्स, कैंफर और फॉर्मेल्डिहाइड शामिल हैं। इन तत्वों से युक्त नेल पॉलिश लगे नाखूनों वाली अंगुली को स्पर्श करके कोई आंखों को छूता या खुजलाता है, तो आंखों के आस-पास की स्किन चर्मरोग से प्रभावित हो सकती है। कई बार आटा गूंधने, सब्जी काटने, खाने आदि के कारण ये टॉक्सिक पदार्थ खाद्य सामग्री के माध्यम से पेट तक भी पहुंच जाते हैं।

अकसर महिलाएं अपने लंबे नाखूनों को टूटने से बचाने के लिए फाइबरयुक्त 'नेल हार्डनर्स' का प्रयोग करती हैं। इनपर डिजाइंस या नेल आर्ट चिपकाने के लिए 'एक्रिलिक ग्लू' का इस्तेमाल करती हैं। चिपकाने वाले पदार्थ एक्रिलिक ग्लू और नेल हार्डनर से एलर्जी होने की संभावना के साथ-साथ नेचुरल नेल्स को नुकसान पहुंच सकता है। डॉ. गुडहर्ट और डॉ. हैंड्रिक के अनुसार नाखूनों को उनके कुदरती रूप में ही रहने देना चाहिए। *

**-अंजू जैन**

Acne Clear Cream
Since 1954
DR. SAHEB
पूर्णतः आयुर्वेदिक, स्वदेशी एवं ईमानदार क्रीम याने
मुंहासों के लिए वरदान
CLINICALLY TESTED
कॉलेजियन® क्रीम
60 सालों से युवाओं की स्किन केयर, 12 गुणों का विशाल भंडार
AN ISO 9001 : 2008 Certified Company
MRP ₹124/- Now ₹ 99/- Only. (20 g)
मुंहासे
काले घेरे
स्ट्रेचमार्क्स
एड़ियों का फटना
ताजे जख्म
काले दाग
HD ग्लो
NO SIDE EFFECTS
WOW! पार्लर जैसा GLOW... रोज़ाना
Ayurvedic Multipurpose
The Original collegian Cream
Special Quality
Gentle on skin Fast in action
Best for pimples
COMPLETE Face care for all seasons
Jab ho Collegian Cream ka saath...Toh bhool jaiye Facial ki baat !
केवल ट्यूब ही लें
आप अपने परिवार के लिये केवल 1 ट्यूब कॉलेजियन क्रीम की अवश्य ले जायें।
क्योंकि ऐसी चीजें बनाई नहीं जाती है बल्कि वरदान के रूप में बन जाती है।
Available at amazon.in Flipkart
सर्दियों में त्वचा को कोमल बनाकर ग्लो बढाएं।
An all purpose, all season cream for all ages with proven results (Men, Women & New Born)
Bliss for Acne Prone Skin
Get Dream Like Glow Best for Pimples
Best Skin Care Partner
CUSTOMER CARE 9926054001
दुनिया भर की देशी या विदेशी कंपनियों की कई क्रीम या फेशियल के कई साधन वापरें या फिर केवल एक ट्यूब कॉलेजियन क्रीम हमेशा वापरें। शादी के पहले केवल तीन माह तक कॉलेजियन क्रीम का उपयोग लगातार करें और अपने अंदर एक नया खुबसूरत बदलाव देंखे। स्वयं ही परिणाम देखें आप फिदा हो जाएंगे।
अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में एजेन्सी देना है
केवल होलसेल मेडिकल डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए संपर्क - 78708 33333

बोले कनाडा के सांसद चंद्र आर्य

# 'हिंदुओं के लिए नए युग की शुरुआत'

एजेंसी ▶▶ ओटावा



अयोध्या में 22 जनवरी को हुए राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर दुनियाभर से अभी भी तमाम प्रतिक्रियाएं आ रही है। राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की सराहना करते हुए भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि दुनियाभर में 1.2 अरब हिंदुओं के लिए एक युग की शुरूआत है। सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि उन्होंने ओटावा स्थित हिंदू मंदिर में इस भावनात्मक क्षण के समारोह को लाइव कवरेज के जरिए देखा। दुनिया के सबसे पुराने धर्म के इतिहास में 22 जनवरी 2024 एक नए युग की शुरूआत हुई। खास बात है कि अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ने विश्वभर के देशों के लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। कई देशों में लोगों ने बड़े स्तर पर मिट्टी के दीए जलाए साथ ही भारत के कई इलाकों में रात के समय जमकर आतिशबाजी की गई। इस दौरान अयोध्या नगरी पूरी तरह से भक्तिमय हो गई। गलियों और सड़कों में राम नाम ही सुनाई दे रहे थे। कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने कहा कि अयोध्या में दिव्य राम मंदिर का उद्घाटन कार्यक्रम को पूरे कनाडा में मौजूद लगभग 115 मंदिरों में लोगों ने देखा है, जो वास्तव में एक भावनात्मक क्षण था।

# 32 हफ्ते का गर्भ खत्म नहीं कर सकती महिला

## शीर्ष अदालत का हाईकोर्ट के फैसले में दखल से इंकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को एक महिला को 32 हफ्ते से ज्यादा समय के गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि मेडिकल बोर्ड ने भी इस बात को माना है कि इसे अब खत्म नहीं किया जा सकता है। 26 वर्षीय महिला के पति की पिछले साल अक्टूबर में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने मामले पर सुनवाई की। पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 23 जनवरी के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने अपने 4 जनवरी के फैसले को वापस ले लिया था, जिसमें महिला को अपने 29 माह पुराने गर्भ को गिराने की अनुमति दी गई थी।

### आप चाहें तो गोद दे दें

पीठ ने कहा कि गर्भ को 32 महीने पूरे हो चुके हैं, इसे अब कैसे खत्म किया जा सकता है? मेडिकल बोर्ड ने भी कहा है कि इसे खत्म नहीं किया जा सकता है। आप चाहें तो इसे गोद लेने के लिए दे सकते हैं। महिला की ओर से वकील अमित मिश्रा पेश हुए। उन्होंने कहा कि अगर वह बच्चे को जन्म देती हैं तो यह उनकी (महिला) इच्छा के खिलाफ होगा। उन्हें पूरी जिंदगी सदमे में गुजारनी होगी।

### महिला को कोई खतरा नहीं होगा

पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने हरेक बिंदु पर विचार किया है। इसमें मेडिकल बोर्ड का विचार भी शामिल है। हम मेडिकल बोर्ड की राय से आगे नहीं जा सकते। बोर्ड ने राय दी है कि इसमें कोई असमान्यता नहीं है और यह एक सामान्य भ्रूण है। बोर्ड ने राय दी गई है कि अगर महिला गर्भावस्था जारी रखती हैं, तो कोई खतरा नहीं है।

### आखिरकार याचिका खारिज कर दी

इसके बाद वकील अमित मिश्रा ने दलील दी कि महिला विधवा है और उसे जीवनभर इस सदमे को सहना होगा। अदालत को उसके हित पर विचार करना चाहिए। इसके बाद न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी ने पूछा, तो क्या हमें सिर्फ उसके हित पर विचार करना चाहिए? इसके बाद पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया और याचिका खारिज कर दी।


**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)**

781 दिनांक : 29/01/2024

।। पंचम निविदा आमंत्रण सूचना ।।

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव / कोविड 19 मे लगने वाले Jumbo / Small Oxygen Cylender / Nitrus Cylender/Co2 Cylender के रिफलिंग एवं सिलेंडर के वाल्व के क्रय हेतु निर्माता कम्पनी अथवा उनके अधिकृत विक्रेता फर्म से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड कोरियर के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसका नियम / शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से शाम 05:30 बजे तक भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भण्डार कक्ष से किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मुल्य : रू.1000 / - ( वापसी अयोग्य) ।
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि : 02/02/2024 सुबह 10.30 बजे से ।
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि : 06/02/2024 शाम 05.00 बजे तक ।
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 12/02/2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक ।
05. निविदा खोले जाने की तिथि : 12/02/2024 सायं 04:00 बजे ।

भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक. 26 में ।

संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

G-07414/3



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**
**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

(द्वितीय आमंत्रण)
शुद्धि पत्र क्रमांक 02
सिस्टम निविदा क्रमांक 151718 / निविदा सूचना क्रमांक 18 / व. ले.लि. / 2023-24
गरियाबंद दिनांक 17/01/2024

| कार्य का नाम | पूर्व में | संशोधित |
|---|---|---|
| गरियाबंद जिले के पैरी घुम्मर व्यपवर्तन योजना की दांयी तट नहर निर्माण कार्य। | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग महासमुंद के निविदा सूचना क्र. 13/ व.ले.लि. / 2023-24 दिनांक 17. 01.2024, सिस्टम नं. 151659 निविदा राशि रू. 187.21 लाख | कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग गरियाबंद के निविदा सूचना क्र. 18 / व. ले.लि. / 2023-24 दिनांक 17. 01.2024 सिस्टम नं. 151718 निविदा राशि रू. 3544.54 लाख पढ़ा जावे |

नोट : निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी ।
1. विज्ञापन क्रमांक 07196 / दिनांक 17.01.2024
2. विज्ञापन क्रमांक 07356 / दिनांक 24.01.2024

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन निर्माण संभाग, गरियाबंद
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-07424/4



**छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, वृत्त - जगदलपुर**

द्वितीय निविदा आमंत्रण विज्ञापन क्र. 12 छग गृह निर्माण मण्डल, संभाग कोण्डागांव अंतर्गत 1. एकीकृत वन्यप्राणी प्रबंधन योजना अंतर्गत रावघाट माईनिक क्षेत्र में इको-डेव्हलपमेंट परियोजना हेतु स्कूल भवन का निर्माण कार्य 2. एकीकृत वन्यप्राणी प्रबंधन योजना अंतर्गत रावघाट माईनिक क्षेत्र में इको डेव्हलपमेंट परियोजना हेतु अस्पताल भवन का निर्माण कार्य का ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईज www. cghb.gov.in एवं http://cproc.cgstate.gov.in उपलब्ध है एवं अन्य जानकारी हेतु का.अभि. संभाग कोण्डागांव मो. नं. 9479081105 पर सम्पर्क करें ।

S-39500/2 उपायुक्त जगदलपुर



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक : 30.01.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | निविदा आमंत्रण सूचना क्र. | सिस्टम आई. डी. क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02/SE/NH/G/ 15- 53/2023 (2nd call) | 2024 MoRTH _792753_1 | Maintenance of Road including B.T. Patch repair in Km. 14.200.00 to 25.530 and KM 31.540 to 55.700 = 35.490km under Risk and Cost on NH-30 (OLD NH-221) Jagdalpur- Sukma-Konta Road | Rs. 51.99 Lacs |
| 2 | 03/SE/NH/G/ 15- 54/2023 (2nd call) | 2024 MoRTH _792755_1 | Maintenance of Road including B.T. Patch repair in Km. 57.000 to 104.400 under Risk and Cost on NH-30 (OLD NH-221) Jagdalpur- Sukma-Konta Road | Rs. 74.79 Lacs |

ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 15.02.2024 समय शाम 5:30 बजे तक है ।

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S ) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
राष्ट्रीय राजमार्ग मण्डल, लो.नि.वि.,
रायपुर (छ.ग.)

G-07420/3



**कार्यालय कलेक्टर (महिला एवं बाल विकास)**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

क्रमांक/1367/मबावि/लेखा / 2023-24 कांकेर, दिनांक 30.01.24

**निविदा सूचना**

कांकेर जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह में कन्याओं को आर्थिक सहायता के रूप में दिये जाने वाले सामाग्रियों का क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व विस्तृत जानकारी 0235 समाजिक सुरक्षा और कल्याण 008 अन्य प्राप्तियाँ मद में राशि 1000 / - रु. (अक्षरी एक हजार रुपये) मात्र चालान से जमा करने के पश्चात चालान की एक प्रति कार्यालयीन समय में कार्यालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर में प्रस्तुत कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र, निविदा विज्ञापन के प्रकाशन बाद दिनांक 26.02.2024 दोपहर 12. 00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है, तथा पूर्ण रुप से भरी हुई सीलबंद निविदायें दिनांक 26.02.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कांकेर में स्वीकार की जावेगी तथा दिनांक 26.02.2024 को अपरान्ह 05.00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
उत्तर बस्तर कांकेर

G-07405/2


हजारों भारतीय होंगे लाभान्वित

# अमेरिका ने शुरू किया एच 1बी वीजा का नवीनीकरण

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन




अमेरिका ने एच-1बी विदेश कार्य वीजा का देश में नवीनीकरण करने के एक पायलट कार्यक्रम का औपचारिक रूप से शुरू किया है। इससे हजारों भारतीय टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल्स को लाभ मिलने की संभावना है। वीजा नवीनीकरण का यह कार्यक्रम 29 जनवरी को शुरू किया गया और यह एक अप्रैल तक चलेगा। इससे एच-1बी वीजा धारकों को अपने वीजा के नवीनीकरण में मदद मिलेगी।

इस संबंध में एक घोषणा पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आधिकारिक यात्रा के दौरान की गयी थी। यह करीब दो दशक में पहली बार है जब सीमित संख्या में एच-1बी गैर अप्रवासी वीजा धारक अमेरिका में ही अपने वीजा का नवीनीकरण करा सकेंगे। बता दें कि एच-1बी (एच-1बी) वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियुक्त करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**महानदी गोदावरी कछार रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in**
(द्वितीय आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 152186/ निविदा सूचना क्रमांक 26/वलेलि /2023-24, रायपुर, दिनांक 30.01.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 16.02.2024 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम :- रायपुर जिले के विकासखण्ड धरसींवा की खारून नदी पर बरतनारा एनीकट कम काजवे योजना का निर्माण कार्य

अनुमानित लागत :- रूपये 2094.31 लाख

**(दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ. आर. तथा संशोधित 22.08.2022 के अनुसार )**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 06.02.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं ।

नोट :- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, रायपुर
कृते, मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-07401/2


ड्रग्स के धंधे से खड़ा किया साम्राज्य

# भारतीय मूल के ब्रिटिश दंपती को मिली 33 साल की सजा



एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारतीय मूल के इस ब्रिटिश जोड़े की कहानी किसी क्राइम सीरियल से कम नहीं। इस जोड़े को ऑस्ट्रेलिया में आधा टन से ज्यादा कोकीन तस्करी का दोषी पाते हुए 33 साल जेल की सजा सुनाई गई है। इस कोकीन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 5.70 करोड़ पाउंड (करीब 600 करोड़ रुपये) बताई है। पश्चिम लंदन के ईलिंग में रहने वाली 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीत सिंह रायजादा को ड्रग्स तस्करी रैकेट का सरगना बताया गया है, जिनका जाल कई महाद्वीपों तक फैला हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद जूरी ने इन दोनों को कोकीन तस्करी के 12 मामलों और मनी लॉन्ड्रिंग के 18 मामलों में दोषी ठहराया। मई 2021 में सिडनी में ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल द्वारा कोकीन पकड़े गए थे। जाने के बाद राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के जांचकर्ताओं ने धीर और रायजादा की पहचान की थी। इस ड्रग्स को यूके से एक कमर्शियल प्लेन के जरिये भेजा गया था और इसमें छह टूलबॉक्स शामिल थे, जिन्हें खोलने पर 514 किलो कोकीन पाई गई।


**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

विद्युत टैरिफ याचिका वर्ष 2024-25
आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु सूचना

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62, 64 एवं उनके अन्तर्गत अधिसूचित छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ) विनियम, 2015 एवं 2021 के प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (CSPDCL) द्वारा प्रस्तुत की गई है। वर्ष 2024-25 के लिये टैरिफ याचिका माननीय छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की है, जिसे याचिका क्रमांक 09 / 2024 के रूप में पंजीकृत किया गया है। इस टैरिफ याचिका में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अंतिम ट्रू-अप; वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये वार्षिक राजस्व आवश्यकता का पुनर्निर्धारण एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये विद्युत की फुटकर दरों के निर्धारण का प्रस्ताव सम्मिलित है, जिसका सारांश नीचे तालिकाओं में दर्शाया गया है:-

क.वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतिम ट्रू-अप का सार

| अ.क्र. | विवरण | राशि (रू. करोड़ में) |
|---|---|---|
| 01. | टैरिफ आदेश दिनांक 13.04.2022 में अनुमोदित वार्षिक राजस्व आवश्यकता | 15280.55 |
| 02. | ऑडिटेड अकाउंट के आधार पर वार्षिक राजस्व आवश्यकता | 20734.58 |
| 03. | ऑडिटेड अकाउंट के अनुसार राजस्व वसूली | 18946.18 |
| 04. | राजस्व आधिक्य/(कमी) (3-2) | (1788.41) |
| 05. | वित्तीय वर्ष 2020-21 में CSPGCL, CSPTCL एवं CSLDC के अंतिम ट्रूप-अप के प्रभाव के कारण सकल राजस्व अंतर | 152.57 |
| 06. | वित्त वर्ष 2020-21 के अंतिम ट्रू-अप के बाद पुनरीक्षण याचिका से संबंधित कैरिंग कास्ट सहित अंतर | 1679.82 |
| 07. | वित्त वर्ष 2021-22 के अंतिम ट्रू-अप के बाद पुनरीक्षण याचिका से संबंधित कैरिंग कास्ट सहित अतिरिक्त राजस्व अंतर | 939.47 |
| 08. | वित्तीय वर्ष 2022-23 में CSPGCL, CSPTCL के अंतिम ट्रूप-अप के प्रभाव के कारण सकल राजस्व अंतर | 196.78 |
| 09. | जुलाई 2022 वीसीए का समायोजन (कैरिंग कास्ट सहित) | -45.72 |
| 10. | वर्ष 2022-23 हेतु Closing Surplus/(deficit) (4+5+6+7+8-9) | (4711.32) |
| 11. | कैरिंग कास्ट | 137.59 |
| 12. | वर्ष 2024-25 के लिये Forward की गई कुल Closing Surplus/(deficit) | (4848.91) |

ख.वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक राजस्व आवश्यकता (स्टैण्डएलोन) एवं सकल कमी का सार

| अ.क्र. | विवरण | राशि (रू. करोड़ में) |
|---|---|---|
| 01. | वर्ष 2024-25 के लिये वार्षिक राजस्व आवश्यकता का अनुमान | 17990.46 |
| 02. | प्रचलित दरों एवं प्रभारों के आधार पर अनुमानित राजस्व | 21616.77 |
| 03. | अकेले वर्ष 2024-25 के लिये राजस्व आधिक्य/(कमी) (2-1) | 3626.31 |
| 04. | वर्ष 2022-23 का Forward की गई कैरिंग कास्ट सहित कुल Closing Surplus/( deficit) | (4848.91) |
| 05. | सीएसपीडीसीएल के लिए विनियामक संपत्ति वर्ष 2023-24 | (2924.53) |
| 06. | वर्ष 2024-25 के लिये सकल आधिक्य/(कमी) (4+5-3) | (4147.13) |
| 07. | वर्ष 2024-25 के लिये सकल आधिक्य/(कमी) (4+5-3)(कैरिंग कास्ट सहित) | (4420.35) |

ग.वर्ष 2024-25 के लिये रिटैल टैरिफ प्रस्ताव

(i)छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि. द्वारा संचयी वार्षिक राजस्व आवश्यकता मांग को प्राप्त करने के लिए सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं हेतु युक्तियुक्त टैरिफ निर्धारण हेतु माननीय नियामक आयोग से निवेदन करते हुए, घरेलू उपभोक्ताओं की टैरिफ में वृद्धि नहीं करने का प्रस्ताव किया गया है। (ii)ग्रीन ऊर्जा को प्रोत्साहित करने हेतु, वर्ष 2024-25 के लिए ग्रीन ऊर्जा टैरिफ का प्रस्ताव किया गया है। जिसके अन्तर्गत ग्रीन ऊर्जा टैरिफ विकल्प लेने वाले उपभोक्ताओं से विद्युत दर के रूप में संबंधित श्रेणी की सामान्य टैरिफ से रू. 1.64 प्रति यूनिट अधिक रखने का प्रस्ताव किया गया है।(iii)वर्तमान में प्रचलित एचव्ही-2, एचव्ही-3 एवं एचव्ही-4 टैरिफ श्रेणी पर लागू "टाईम ऑफ डे" टैरिफ को सौर ऊर्जा उपलब्धता/अनुपलब्धता एवं उच्चतम मांग अवधि के आधार पर टैरिफ निर्धारण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, जो कि निम्नलिखित है,-

| क्र | प्रस्तावित समयावधि | प्रयोज्य टैरिफ |
|---|---|---|
| 01. | सामान्य अवधि (23:00 to 10:00 बजे ) | ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर |
| 02. | उच्चतम भार अवधि (16:00 to 23:00 बजे) | ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर का 120 प्रतिशत |
| 03. | गैर-उच्चतम भार अवधि (10:00 to 16:00 बजे ) | ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर का 80 प्रतिशत |

(iv)ऊर्जा मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 27.04.2023 के अनुसार इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) के चार्जिंग केन्द्रों हेतु सौर एवं गैर-सौर समयावधि अनुसार पृथक विद्युत दरों का प्रस्ताव किया गया है, जो कि निम्नलिखित है,-

| क्र. | प्रस्तावित उपयोग की अवधि | प्रयोज्य टैरिफ |
|---|---|---|
| 01. | सौर अवधि के दौरान | औसत आपूर्ति की दर का 0.8 गुना |
| 02. | गैर-सौर अवधि के दौरान | औसत आपूर्ति की दर का 1.2 गुना |

(v)वर्तमान में प्रचलित एचव्ही -1, रेलवे कर्षण टैरिफ के अंतर्गत, माह में 20 प्रतिशत से अधिक लोड फैक्टर होने पर ऊर्जा प्रभार पर प्रदत्त 20 प्रतिशत की छूट के प्रावधान को समाप्त करने का प्रस्ताव किया गया है।(vi)वर्तमान में प्रचलित एचव्ही-4, स्टील उद्योग श्रेणी, के अंतर्गत उपभोक्ताओं को मासिक लोड फैक्टर, 49.99 प्रतिशत अथवा उससे अधिक होने पर ऊर्जा प्रभार पर 1 से 25 प्रतिशत छूट के प्रावधान को समाप्त कर, मासिक लोड फैक्टर 65 प्रतिशत और उससे अधिक होने पर ऊर्जा प्रभार पर 5 प्रतिशत की छूट का प्रस्ताव किया गया है। (vii)दिनांक 22 अगस्त 2005 को राज्य शासन की अधिसूचना द्वारा गठित "बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण" एवं "सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण" के अधीनस्थ क्षेत्र मे स्थापित ऐसे उच्चदाब औद्योगिक उपभोक्ता, को ऊर्जा प्रभार पर प्रदत्त 5 प्रतिशत छूट को 150 एमवीए संबद्ध भार वाले उपभोक्ताओं तक सीमित किये जाने का प्रस्ताव किया गया है।

कंपनी द्वारा प्रस्तुत की गई याचिका (अंग्रेजी) एवं सार संक्षेपिका (हिन्दी) की प्रतियां (i) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय एवं (ii) याचिकाकर्ता, कार्यपालक निदेशक (निका एवं ऊप्र) कार्यालय, डंगनिया, रायपुर सहित (iii) रायपुर शहर, रायपुर ग्रामीण, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, जगदलपुर, अंम्बिकापुर एवं रायगढ़ के क्षेत्रीय एवं वृत्त कार्यालयों में उपलब्ध हैं। याचिका अथवा सार संक्षेपिका को उक्त कार्यालयों से रू. 100/- अंग्रेजी प्रति हेतु तथा रू. 50/- हिन्दी प्रति के भुगतान पश्चात्, किसी भी कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। याचिका/सारांश की प्रति डाक द्वारा प्राप्त की जा सकती है जिस हेतु रू. 50/- का अतिरिक्त भुगतान किया जाना होगा।

यह आम सूचना, याचिका की प्रति एवं अनुगामी प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों की प्रति (i) आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in एवं (ii) CSPDCL की वेबसाईट www.cspdcl.co.in पर भी उपलब्ध है।

याचिकाकर्ता की उपरोक्त याचिका पर इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने आपत्ति/सुझाव निम्नलिखित पते पर इस आम सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से 21 दिनों की समयसीमा के भीतर व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक द्वारा सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर, पिन-492001 (E-mail: cserc.sec.cg@nic.in) एवं/या कार्यपालक निदेशक (नि.का. एवं ऊ.प्र.), छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि., डंगनिया, रायपुर, पिन-492013 (E-mail: cecomcseb@rediffmail.com) पते पर प्रेषित कर सकते हैं। माननीय विद्युत नियामक आयोग द्वारा उपरोक्त याचिका पर जनसुनवाई हेतु दिनांक एवं समय पृथक से प्रकाशित किया जाएगा।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाऐं

कार्यपालक निदेशक (नि.का. एवं ऊ.प्र.)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि. रायपुर



**कार्यालय मुख्य अभियंता,**
**लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 25.01.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. | सिस्टम आईडी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 41/CE/NH/TC/ 44-01/2024 | 2024_ MoRTH _791891_1 | Short Term Maintenance Of Kondagoan To Narayanpur Road In Km 0.00 To 21.00 In The State Of Chhattisgarh | Rs. 423.81 Lakhs |
| 2 | 42/CE/NH/TC/ 44-02/2024 | 2024_ MoRTH _791893_1 | Short Term Maintenance Of Kondagoan To Narayanpur Road In Km 21.00 To 34.00 In The State Of Chhattisgarh | Rs. 373.14 Lakhs |
| 3 | 43/CE/NH/TC/ 44-03/2024 | 2024_ MoRTH _791894_1 | Short Term Maintenance Of Kondagoan To Narayanpur Road In Km 34.00 To 47.493 In The State Of Chhattisgarh | Rs. 328.67 Lakhs |
| 4 | 44/CE/NH/TC/ 44-04/2024 | 2024_ MoRTH _791895_1 | Short Term Maintenance Contract (Stmc) Of Road From Km. 48.700 To Km 70.600 (Narayanpur Kasturmeta - Aakabeda Road) Total Length = 21.900 Km. Of Nh-130d In The State Of Chhattisgarh | Rs. 266.19 Lakhs |
| 5 | 45/CE/NH/TC/ 44-05/2024 | 2024_ MoRTH _791896_1 | Short Term Maintenance Contract (Stmc) Of Road From Km 0.000 To Km 30.00 Of Nh-63. | Rs. 303.30 Lakhs |
| 6 | 46/CE/NH/TC /44-06/2024 | 2024_ MoRTH _791898_1 | Short Term Maintenance Contract (Stmc) Of Road From Km 30.000 To Km 55.00 Of Nh-63. | Rs. 217.73 Lakhs |
| 7 | 47/CE/NH/TC/ 44-07/2024 | 2024_ MoRTH _791899_1 | Short Term Maintenance Of Bhopalpatnam - Jagdalpur Road In Km 65.00 To 113.00 & Km. 143.00 To 155.00 Of NH-63 In The State Of Chhattisgarh | Rs. 439.99 Lakhs |
| 8 | 48/CE/NH/TC/ 44-08/2024 | 2024_ MoRTH _791900_1 | Short Term Maintenance Contract (Stmc) Of Road From Km. 155.000 To Km 205.000 (Bhopalpatnam To Jagdalpur Road) Total Length = 50.00 Km. Of Nh-63 In The State Of Chhattisgarh | Rs. 371.23 Lakhs |
| 9 | 49/CE/NH/TC/ 44-09/2024 | 2024_ MoRTH _791902_1 | Short Term Maintenance Contract (Stmc) Of Road From Km. 205.000 To Km 216.400 (Bhopalpatnam To Jagdalpur Road) And Km. 224.620 To 241.600 (Jagdalpur To Dhanpunji Road) Total Length 28.38 Km. Of Nh-63 In The State Of Chhattisgarh. | Rs. 265.25 Lakhs |
| 10 | 50/CE/NH/TC/ 44-10/2024 | 2024_ MoRTH _791904_1 | Short Term Maintenance Contract (Stmc) Of Road From Km. 25.530 To Km 31.540 And Km. 55.700 To 57.000 (Jagdalpur Sukma - Konta Road) Total Length = 7.31 Km. Of Nh-30 In The State Of Chhattisgarh | Rs. 138.20 Lakhs |
| 11 | 51/CE/NH/TC/ 44-11/2024 | 2024_ MoRTH _791905_1 | Short Term Maintenance Contract (Stmc) Of Road From Km 0.000 To Km 36.00 Of Nh - 163. | Rs. 208.71 Lakhs |
| 12 | 52/CE/NH/TC/ 44-12/2024 | 2024_ MoRTH _791907_1 | W.M.M Patch Repair, B.T Patch Repair, Road Safety Work On Km 237.860 to 276.000 = 38.140 Km on NH 45 (Extended) in the state of Chhattisgarh under short term maintenance contract mode) | Rs. 117.80 Lakhs |
| 13 | 53/CE/NH/TC/ 44-13/2024 | 2024_ MoRTH _791908_1 | W.M.M Patch Repair, B.T Patch Repair, Road Safety Work On Km 276.000 to 319.600 = 43.600 Km on NH 45 (Extended) in the state of Chhattisgarh under short term maintenance contract mode) | Rs. 86.34 Lakhs |
| 14 | 54/CE/NH/TC/ 44-14/2024 | 2024_ MoRTH _791910_1 | Short term maintenance of Raigarh-Sarangarh- Saraipali road section of NH-216(New 153) from Km 3.800 to Km27.900(24.100 Km) in the state of Chhattisgarh | Rs. 199.45 Lakhs |
| 15 | 55/CE/NH/TC/ 44-15/2024 | 2024_ MoRTH _791911_1 | Short term maintenance of Raigarh-Sarangarh- Saraipali road section of NH-216(New 153) from Km 31.160 to Km 51 (19.840Km) in the state of Chhattisgarh | Rs. 165.68 Lakhs |
| 16 | 56/CE/NH/TC/ 44-16/2024 | 2024_ MoRTH _791912_1 | Short term maintenance of Raigarh-Sarangarh- Saraipali road section of NH-216(New 153) from Km 51 to Km 84.800 (33.800Km) in the state of Chhattisgarh | Rs. 390.84 Lakhs |
| 17 | 57/CE/NH/TC/ 44-17/2024 | 2024_ MoRTH _792197_1 | Short term maintenance of Takhatpur Ex. Road from Km. 26.542 to Km. 32.093, Mungeli Ex. Road from Km. 45.786 to Km. 56.275, Pandariya Ex. Road from Km. 82.582 to Km. 87.133 and Pondi Ex. Road from Km. 103.166 to Km. 104.756=22.181 Km. on N.H.= 130A in the state of Chhattisgarh | Rs. 226.87 Lakhs |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 14.02.2024 शाम 17.30 बजे तक है।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H'S ) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है ।

मुख्य अभियंता'
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,
रायपुर (छ.ग.)

G-07397/6



**Public Works Department**
**Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)**
**E-Procurement Tender Notice**
**E-mail: tenders-pwd.cg@gov.in**

NIT No.460 /TC/EinC/ PWD/2023-24 Dated- 24.01.2024

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of Governor of Chhattisgarh** invites percentage rate bids on electronic tendering system under RCPLWE RRP-III in the district of Kanker, Rajnandgaon & Bijapur for construction of 04 Bridges with estimated cost amounting Rs 906.18 Lacs including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 24.01.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 09.02.2024.

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c)(i) to Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur (C.G.) 492-002 as per provisions of bid document through Speed/ Registered post, failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in


**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief**
**P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

G-07411/2


निकट भविष्य में भारत बनेगा रोजगार का बड़ा जरिया, तीर्थ स्थलों के विकास पर जोर

# भारत में 'हैरिटेज टूरिज्म' के प्रति दुनियाभर में बढ़ रही है रुचि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत में 'हैरिटेज टूरिज्म' के प्रति दुनिया में रुचि बढ़ रही है। यह बात संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कही। दरअसल, राष्ट्रपति ने 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में देशभर में पर्यटन क्षेत्र, तीर्थ स्थलों और ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए पिछले 10 वर्षों के दौरान भारत सरकार द्वारा की गई उपलब्धियों और विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार भारत को बैठकों और प्रदर्शनियों से संबंधित क्षेत्रों के लिए एक प्रमुख गंतव्य भी बनाना चाहती है।

### पर्यटन क्षेत्र में वृद्धि का कारण भारत का बढ़ता कद

राष्ट्रपति ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में वृद्धि का कारण भारत का बढ़ता कद है। आज दुनिया भारत को और जानना चाहती है। इसके अलावा बेहतरीन कनेक्टिविटी से पर्यटन का दायरा भी बढ़ा है। विभिन्न स्थानों पर हवाई अड्डों का निर्माण भी इस दिशा में लाभदायक साबित हो रहा है। यही वजह है कि नॉर्थ-ईस्ट में अब रिकॉर्ड संख्या में टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। केवल इतना ही नहीं, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप को लेकर उत्साह चरम पर है।

## खबर संक्षेप

### सोना 50 रुपए मजबूत चांदी अपरिवर्तित रही



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 50 रुपये की तेजी के साथ 63,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### पेट्रोनेट एलएनजी को 1,190 करोड़ रुपए का मुनाफा

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयातक पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 1,190.30 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया है। गैस कीमतों में गिरावट और आयात क्षमता बढ़ने से उनका मुनाफा बढ़ा। पेट्रोनेट को एक साल पहले इसी अवधि में 1,175.94 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

### अंबुजा सीमेंट्स का मुनाफा तीसरी तिमाही में दोगुना

**नई दिल्ली।** अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ करीब दोगुना होकर 1,089.55 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने कहा कि अधिक बिक्री और ईंधन तथा कच्चे माल की लागत घटने से उसका मुनाफा बढ़ा। अंबुजा सीमेंट्स अब अदाणी समूह का हिस्सा है।

### तीसरी तिमाही में कल्याण ज्वेलर्स का शुद्ध लाभ बढ़ा



**मुंबई।** कल्याण ज्वेलर्स का दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 21.51 प्रतिशत बढ़कर 180.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 148.43 करोड़ रुपये था। तीसरी तिमाही के दौरान 34.47 प्रतिशत बढ़कर 5,223.07 करोड़ रुपये हो गयी। जो एक साल पहले की इसी अवधि में 3,884.09 करोड़ रुपये थी। आभूषण क्षेत्र की खुदरा कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान पश्चिम एशिया के परिचालन से उसका कुल राजस्व एक साल पहले के 641 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़कर 683 करोड़ रुपये हो गया, जो छह प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।

# सरकार से 2जी और 3जी नेटवर्क बंद करने की मांग, जियो का ट्राई को सुझाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में रिलायंस जियो और एयरटेल की ओर से बेशक 5जी रोलआउट की प्रक्रिया पूरी कर ली गई हो लेकिन ढेरों ऐसे यूजर्स हैं, जो 2जी या 3जी नेटवर्क इस्तेमाल करते हैं।

- 2जी और 3जी नेटवर्क को बंद कर यूजर्स को 4जी व 5जी नेटवर्क पर माइग्रेट किया जाए

अब जियो और वोडाफोन-आइडिया (वीआई) ने सरकार से मांग की है कि देश में 2जी और 3जी नेटवर्क्स को बंद किया जाए और सभी यूजर्स को 4जी या 5जी नेटवर्क्स पर माइग्रेट किया जाए। दोनों टेलिकॉम ऑपरेटर्स ने टेलिकॉम रेग्युलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की ओर से हाल ही में 5जी इकोसिस्टम के जरिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन से जुड़ा कंसल्टिंग पेपर पब्लिश किए जाने के बाद यह सुझाव दिया है। जियो और वीआई का मानना है कि मौजूदा 2जी और 3जी नेटवर्क यूजर्स को 4जी पर माइग्रेट करना चाहिए, जिससे नए डिवेलपमेंट में मदद मिल सके।

## जियो और वीआई ने कहा गैर जरूरी कास्ट बचाई जा सकेगी

### फिलहाल सामने कई बड़ी चुनौतियां

2जी और 3जी सेवाओं को बंद करते हुए 4जी और 5जी पर माइग्रेशन इतना भी आसान नहीं है। दरअसल, इस मामले में सबसे बड़ी चुनौती 4जी और 5जी सपोर्ट वाले फोन्स और डिवाइसेज की कीमत से जुड़ी है। भारत की बड़ी आबादी सस्ते होने के चलते फीचर फोन्स इस्तेमाल कर रही है, जिनमें से ज्यादातर 4जी सेवाएं सपोर्ट नहीं करते।




### ट्राई ने मांगा था सुझाव

कंसल्टिंग पेपर पब्लिश करने के बाद ट्राई ने भारत में 5जी इकोसिस्टम तैयार करने में आने वाली चुनौतियों को दूर करने और नए विकल्प यूजर्स को देने से जुड़े सुझाव मांगे थे। जियो और वीआई ने सरकार से मांग की है कि पुराने नेटवर्क इस्तेमाल करने वाले यूजर्स को नए पर माइग्रेट करते हुए उन्हें फेज-आउट किया जाए।

### 5जी के लिए पर्याप्त स्पेक्ट्रम बना चुनौती

5जी कनेक्टिविटी के लिए पर्याप्त स्पेक्ट्रम्स उपलब्ध ना होना भी चुनौती साबित हो सकता है। जियो ने सरकार से 6गीगा हार्टस बैंड, फुल सी-बैंड और 28गीगा हार्टस बैंड के अलावा ई-बैंड और वी-बैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी की मांग की है, जिससे बेहतर 5जी का फायदा देशभर में दिया जा सके। हालांकि, ऐसे किसी भी बदलाव का फैसला सरकार की ओर से लंबे विचार के बाद किया जाएगा।

## आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 3.8 फीसदी पर आई

# दिसंबर में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।*

कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा। आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी।

बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घटी

दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई।

- एक साल पहले उत्पादन 8 .3 प्रतिशत बढ़ा था
- कच्चा तेल, बिजली और सीमेंट क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन
- केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा



*आईआईपी में वृद्धि की रफ्तार बढ़ सकती है : इक्रा लिमिटेड की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि प्रमुख बुनियादी उद्योगों के बढ़ने की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर आ गई है। ऐसे में दिसंबर, 2023 में आईआईपी में वृद्धि की रफ्तार 1-3 प्रतिशत रह सकती है।*

### इस्पात का उत्पादन 5.9 फीसदी रहा

बिजली, इस्पात और सीमेंट का उत्पादन दिसंबर, 2023 में क्रमशः 0.6 प्रतिशत, 5.9 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। दूसरी ओर दिसंबर, 2022 में ये आंकड़े क्रमशः 10.4 प्रतिशत, 12.3 प्रतिशत और 9.5 प्रतिशत थे।

### पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन घटा

समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

### पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 80 फीसदी रहा

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सीजीए के अनुसार, शुद्ध कर राजस्व प्राप्तियां दिसंबर, 2023 के अंत में 17.29 लाख करोड़ या पूरे वर्ष के लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत थीं। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 80.4 प्रतिशत था।

### सरकार का राजकोषीय घाटे को नीचे लाने का लक्ष्य

केंद्र सरकार का अप्रैल-दिसंबर की अवधि के दौरान कुल व्यय 30.54 लाख करोड़ रुपये या चालू वर्ष के बजट अनुमान (बीई) का 67.8 प्रतिशत था। पिछले वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में व्यय बजट अनुमान का 71.4 प्रतिशत था। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के मार्ग को जारी रखते हुए सरकार का इरादा 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य है।

### राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था।


## निफ्टी 21,700 अंक के पार

# बजट से पहले बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंककी तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंककी बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

- एचडीएफसी बैंक और रिलायंस में खरीदी से बाजार में तेजी



### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है।

### निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपए बढ़ी


शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।

# एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को दीपम से सूचीबद्ध कराने मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी को अपनी पूर्ण अनुषंगी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. (एनजीईएल) को सूचीबद्ध कराने के लिये निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) से मंजूरी मिल गयी है।

एनजीईएल की इस सूचीबद्धता के जरिये 10,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना है। एक सूत्र ने कहा कि एनजीईएल 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए मार्च के बाद कभी सूचीबद्धता के लिए कदम उठा सकती है। सूत्र ने कहा कि एनजीईएल सूचीबद्धता के लिए एनटीपीसी के प्रस्ताव को निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग से मंजूरी मिल गयी है। कंपनी जुटायी गयी राशि का उपयोग ऊर्जा बदलाव यानी हरित ऊर्जा परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए करेगी। एनटीपीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने दिसंबर में पीटीआई-भाषा से कहा था कि उनकी कंपनी अगले 1-2 साल में अपनी हरित ऊर्जा इकाई को सूचीबद्ध करने पर विचार कर रही है, क्योंकि उसे भविष्य में बिजली की अधिक मांग की संभावना दिख रही है।




- एनजीईएल सूचीबद्धता के जरिए 10 हजार करोड़ की राशि जुटाएगी
- कंपनी जुटाई गई राशि का उपयोग हरित ऊर्जा में करेगी

### कंपनी 2030 तक 60 हजार मेगावाट क्षमता हासिल करेगी

कंपनी ने 2030 तक 60,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। यह तय समय से पहले ही प्राप्त होने की उम्मीद है। एनटीपीसी की पूर्ण वर्तमान में क्षमता 3,400 मेगावाट से अधिक है।

# एप्पल भारतीय स्मार्टफोन बाजार में राजस्व के मोर्चे पर अव्वल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईफोन विनिर्माता एपल वर्ष 2023 में राजस्व के लिहाज से भारतीय स्मार्टफोन बाजार में पहली बार शीर्ष स्थान पर पहुंच गई, जबकि सैमसंग ने बिक्री के मामले में सबको पीछे छोड़ दिया। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह जानकारी दी गई।

बाजार शोध फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा है कि बीते साल भारतीय बाजार में स्मार्टफोन की बिक्री 15.2 करोड़ इकाइयों के साथ कमोबेश स्थिर बनी रही। लेकिन सैमसंग और चीनी फोन विनिर्माता वीवो एवं ओप्पो अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में सफल रहीं। भारत पर एप्पल की नजर होने पर उसे एक करोड़ फोन की बिक्री का आंकड़ा पार करने में मदद मिली है। पहली बार राजस्व के नजरिये से पहले स्थान पर पहुंच गई। आईफोन के पुराने एवं नए मॉडलों के लिए मजबूत मांग से इसे बल मिला। शोध विश्लेषक शुभम सिंह ने कहा, 'एप्पल के अपने खुदरा स्टोर खोलने और बड़े पैमाने पर जारी प्रोत्साहन पहल से इसकी भौतिक मौजूदगी बढ़ी है।



*शाओमी पहले स्थान से खिसक तीसरे स्थान पर : इस दौरान चीन की कंपनी शाओमी पहले स्थान से खिसक कर तीसरे स्थान पर आ गई। उसकी बाजार हिस्सेदारी 16.5 प्रतिशत रही जबकि वर्ष 2022 में यह 20.3 प्रतिशत थी। रिपोर्ट कहती है, वृहद-आर्थिक गतिरोधों के चलते साल की पहली छमाही चुनौतीपूर्ण थी जिससे मांग में कमी और स्टॉक जमा होने की स्थिति भी रही।*

# केआईआईटी के प्लेसमेंट में छात्रों को नौकरी की पेशकश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भुवनेश्वर

केआईआईटी डीम्ड यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर ने स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (केएसओएम), स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट (केएसआरएम), स्कूल के लगभग 5000 योग्य छात्रों के लिए 750 से अधिक कंपनियों से 6200 जॉब ऑफर के साथ एक बार फिर शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया है। जैव प्रौद्योगिकी (केएसबीटी) और स्कूल ऑफ लॉ (केएलएस), 2023 स्नातक बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में औसत वेतन पैकेज में भी महत्वपूर्ण उछाल देखा गया।

इस साल औसत सीटीसी रु. 8.2 लाख को पार कर गई है, जबकि उच्चतम रु. 63 लाख, जिससे कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों को दिए जाने वाले वेतन के मामले में केआईआईटी को शीर्ष राष्ट्रीय संस्थानों की लीग में रखा गया। प्रख्यात शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर अच्युत सामंत द्वारा स्थापित केआईआईटी 1997 में उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में आकार लिया। तब से यह व्यापक आर्थिक और नौकरी बाजार परिदृश्यों के बावजूद, सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में लगभग पूर्ण प्लेसमेंट दर्ज कर रहा है।



### पीवीआर आईनॉक्स का लाभ 12.8 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** पीवीआर आईनॉक्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12.8 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी को पहले पीवीआर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था। पीवीआर आईनॉक्स ने शेयर बाजार यह जानकारी दी। एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में उसने 165 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी की परिचालन आय 1,545.9 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 940 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि दिसंबर तिमाही के नतीजे आईनॉक्स के पीवीआर में विलय के बाद आए हैं, इसलिए पिछले नतीजे से इसकी तुलना नहीं की जा सकती।

शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्टी पर, टांसिल बढ़ने पर, कूल्हा वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्फुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्रे काटने पर, बिच्छू काटने पर, खटमल पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

# सरकार ने जनवरी में जीएसटी से 1.72 लाख करोड़ जुटाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- संग्रह में सालाना आधार पर 10 .4 फीसदी की वृद्धि
- यह किसी महीने में अब तक का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा, 'जनवरी 2024 में (31-01-2024 की शाम पांच बजे तक) जमा सकल जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये है, जो जनवरी 2023 में एकत्रित 1,55,922 करोड़ रुपये के राजस्व से 10.4 प्रतिशत अधिक है।'चालू वित्त वर्ष में अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 के दौरान कुल सकल जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 11.6 प्रतिशत बढ़ा है। इन 10 महीनों में यह आंकड़ा एक साल पहले के 14.96 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 16.69 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अप्रैल 2023 में अब तक का सबसे अधिक मासिक जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। एनए शाह एसोसिएट्स के पार्टनर (अप्रत्यक्ष कर) पराग मेहता ने कहा कि व्यवसायों के बीच बढ़ती जागरूकता, 2017-18 के लिए लंबित कारण बताओ नोटिस के अंतिम आदेश और कर चोरी रोकने के लिए आंकड़ा विश्लेषण का अधिकतम इस्तेमाल करने से कर संग्रह बढ़ा है।

### दूसरा बड़ा मासिक संग्रह

डेलॉयट इंडिया के पार्टनर एम एस मणि ने कहा कि जनवरी में अब तक का दूसरा सबसे बड़ा मासिक जीएसटी संग्रह होने से जीएसटी सुधारों का अगला चरण शुरू करने में मदद मिलेगी।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
मो. 9827000035
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रोंकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ

काान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553

अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

# ईपीएल : आर्सेनल जीता, एदेबायो ने महज 18वें सेकंड में दागा गोल

एजेंसी ▸▸| लंदन

प्रीमियर लीग फुटबॉल ने संक्षिप्त शीतकालीन ब्रेक के बाद जोरदार वापसी की जब मंगलवार को हुए मुकाबलों में एक टीम ने सिर्फ 18 सेंकंड जबकि दूसरी टीम ने सिर्फ 21 सेकंड बाद गोल दागा। आर्सेनल भी नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है और उसने शीर्ष पर चल रहे लिवरपूल पर दबाव बढ़ा दिया है। आर्सेनल की ओर से गैब्रिएल जीसस (65वें मिनट) और बुकायो साका (72वें मिनट) ने गोल दागे। नॉटिंघम फॉरेस्ट की ओर से एकमात्र गोल ताइवो अवोनियी ने 89वें मिनट में किया। इस जीत से आर्सेनल की टीम 22 मैच में 46 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। फॉरेस्ट की टीम इतने ही मैच में 20 अंक के साथ 16वें स्थान पर है। लिवरपूल 48 अंक के साथ शीर्ष पर है। उसने आर्सेनल से एक मैच कम खेला है।



## एलिजा ने दागा हैट्रिक गोल

*मंगलवार को कुल पांच मुकाबले हुए जिसमें 16 गोल दागे गए। लुटोन टाउन ने एलिजा एदेबायो के तीन गोल की मदद से ब्राइटन को 4-0 से हराया। टीम इस जीत से फिलहाल रेलीगेशन के खतरे से बाहर आ गई है। एदेबायो ने पहला गोल 18 सेकंड के बाद दागा। उनका यह गोल हालांकि बामुश्किल रात का सबसे तेज गोल रहा क्योंकि बेन ब्रेरेटन डियाज ने 21 सेकंड बाद गोल दागा लेकिन इसके बावजूद शेफील्ड यूनाईटेड को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। फुलहम ने एवर्टन से गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला को न्यूकासल के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा।*



## अफ्रीका ने मोरक्को को 2-0 से हराया



***अबिदजान।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां प्री क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने एविडेंस माकगोपा (57वें मिनट) और तेबोहो मोकोएना (90 प्लस पांच मिनट) के गोल की बदौलत जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला मोरक्को इस मुकाबले में विंगर हकीम जियेच और सोफियान बोफाल के बिना उतरा था। ये दोनों जाम्बिया के खिलाफ जीत के दौरान चोटिल हो गए थे।*

## खबर संक्षेप



### भारत बड़ी खेल शक्ति बनने की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली।** देश में खेलों और खिलाड़ियों को सरकार की ओर से दी जा रही मदद को अभूतपूर्व बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि देश की युवाशक्ति को कौशल और रोजगार से जोड़ने के लिए खेल आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के प्रथम दिन लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में अपने अभिभाषण में कहा, 'हम खेल आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं। सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों को अभूतपूर्व मदद दी है। आज भारत एक बहुत बड़ी खेल शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।'

### खुशी ने पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

**कोलकाता।** खुशी खानिजाऊ ने बुधवार को यहां अंतिम होल में बर्डी के साथ महिला पेशेवर गोल्फ टूर के तीसरे चरण में पहले दौर के बाद एकल बढ़त बना ली। खुशी ने आठवें, 10वें और 18वें होल में तीन बर्डी की लेकिन पांचवें और 12वें होल में दो बोगी भी कर गई जिससे पहले दौर के बाद उनका स्कोर एक अंडर 69 रहा। वह पहले दौर में अंडर पार का स्कोर बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी रहीं। अनुभवी अमनदीप ड्राल 16 होल के बाद चार अंडर के स्कोर से सबसे आगे चल रही थी लेकिन इसके बाद 17वें होल में उन्होंने ट्रिपल बोगी की और 18वें होल में भी बोगी कर गई।



### पूर्व क्रिकेटर चेक बाउंस मामले में गिरफ्तार

**नागपुर।** चेक बाउंस मामले में नागपुर पुलिस ने पूर्व क्रिकेटर प्रशांत वैद्य को बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह कार्रवाई उनके खिलाफ जारी गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट पर की। पुलिस अधिकारी ने बताया भारतीय टीम के लिए 90 के दशक में एक वनडे मैच खेलने वाले वैद्य को अदालत में पेश किया गया जिसने उन्हें निजी मुचलके पर रिहा कर दिया। वैद्य वर्तमान में विदर्भ क्रिकेट संघ की क्रिकेट विकास समिति के प्रमुख हैं।



### अश्विन की टेस्ट रैंकिंग में बादशाहत कायम

**दुबई।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को आईसीसी की ओर से जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जबकि हमवतन जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में भारत की 28 रन की हार के दौरान अश्विन ने मैच में छह विकेट झटके थे। उनके नाम 853 रेटिंग अंक हैं। तेज गेंदबाज बुमराह ने भी इस मैच में छह विकेट चटकाए थे जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए।



## क्रिकेट : विशाखापट्टनम के स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड 2-0

# इंग्लैंड के 'बैजबॉल' की निकलेगी हवा, भारत करेगा तगड़ा पलटवार

एजेंसी ▸▸| विशाखापट्टनम

इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट मैच में 28 रन से मिली हार के बाद भारतीय टीम दूसरे टेस्ट में पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच विशाखाापट्टनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में 2 फरवरी से खेला जाएगा। इस मैदान पर भारतीय टीम का टेस्ट क्रिकेट शानदार रहा है। ऐसे में टीम इंडिया के बेमिसाल आंकड़ें देख विरोधी टीम में खलबली मच गई है। दरअसल, विशाखापट्टनम के वाई एस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम का रिकॉर्ड शानदार रहा है, जहां उन्होंने इस मैदान पर कुल दो टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्हें दोनों में जीत मिली है।

साल 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने इस मैदान पर टेस्ट खेला था, जिसमें विराट कोहली के नेतृत्व में टीम इंडिया को 246 रन से जीत मिली थी। इस मैच में विराट कोहली ने बल्ले से तबाही मचाते हुए पहली पारी में 167 रन औकर दूसरी पारी में 87 रन बनाए थे। आर अश्विन ने पहली पारी में 5 विकेट हासिल किए थे। इस शानदार प्रदर्शन की वजह से ये मैदान भारत के लिए बेहद ही यादगार है। इसके बाद साल 2019 में इस मैदान पर साउथ अफ्रीका को भारत ने 203 रन से पटखनी दी थी। मयंक अग्रवाल ने दोहरा शतक जमाया था, जबकि रोहित शर्मा ने पहली पारी में 176 रन बनाए थे। अश्विन ने 7 विकेट दर्ज किए थे।



### भारतीय टेस्ट टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, ध्रुव जुरैल, आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

### स्वीप और रिवर्स स्वीप का किया अभ्यास

भारत के मौजूदा दौर के बल्लेबाजों को स्वीप शॉट के लिए नहीं जाना जाता है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम के खिलाड़ियों ने नेट सत्र में जम कर इस शॉट का अभ्यास किया। कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर किसी अन्य भारतीय बल्लेबाजों ने पांच मैचों की श्रृंखला के हैदराबाद में खेले गये शुरुआती टेस्ट में स्वीप शॉट का सहारा नहीं लिया था। दोपहर में टीम की शुरुआती नेट सत्र में लय तलाश रहे शुभमन गिल को स्वीप और रिवर्स स्वीप दोनों का अभ्यास करते देखा गया। शुक्रवार से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पदार्पण करने के दावेदार रजत पाटीदार भी स्वीप और रिवर्स स्वीप का अभ्यास करते देखे गए। टीम में पहली बार शामिल हुए सरफराज खान को भी बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया।

# एशियाई क्रिकेट में फिर भारत का दबदबा, शाह बने अध्यक्ष

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष चुना गया। शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नामांकन का समर्थन किया। शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे।

उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। शाह के नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी20 प्रारूप और 2023 में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया। शाह ने कहा, 'मैं एसीसी बोर्ड का मुझ पर विश्वास बनाए रखने के लिए आभारी हूं। हमें खेल के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के साथ उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए जहां यह अब भी अपनी शुरुआती अवस्था में है। एसीसी पूरे एशिया

## लीच का दूसरे टेस्ट में खेलना संदिग्ध



एजेंसी ▸▸| विशाखापत्तनम

इंग्लैंड के सबसे अनुभवी स्पिनर जैक लीच हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट के दौरान घुटने में लगी चोट से पूरी तरह से उबरने में विफल रहे हैं जिससे पांच मैचों की श्रृंखला में शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। लीच ने बुधवार को टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।

उन्हें मैदान के बाहर फिजियो से इलाज कराते देखा गया। घुटने के आसपास चोट लगने से हुई सूजन और दर्द के बावजूद उन्होंने हैदराबाद टेस्ट की पहली पारी में 26 और दूसरी पारी में 10 ओवर की गेंदबाजी की थी।

# लखनऊ, टाटा, रेलवे कोलकाता ने जीते मैच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजनांदगांव

▪ 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता-2024

एनसीओई लखनऊ ने कड़े संघर्ष में जीएसटी चेन्नई को 2-0 से एवं दूसरे एकतरफा खेले गये मैच में नचल टाटा हॉकी अकादमी जमषेदपुर ने साई एनसीओई इम्फाल मणिपुर को 6-1 से हराकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के अगले रांउड प्रवेश कर लिया है। आज के अंतिम मैच में दक्षिण पूर्व रेल्वे कोलकता ने हॉकी महाराष्ट्र को 5-2 गोल से आसानी से पराजित कर दिया।

स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए पहले रोमांचक मैच में एनसीओई लखनऊ बनाम जीएसटी चेन्नई मैच के पहले क्वार्टर में दोनों टीमें गोल नहीं कर सकी थीं। दूसरे क्वार्टर के 28वें मिनट में लखनऊ के दीपक पटेल ने मैदानी गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं। वहीं मैच का निर्णायक गोल चौथे क्वार्टर के 55वें मिनट में सैफ खान ने करते हुए लखनऊ को 2-0 गोल से जीत दिला दी।



### नवल टाटा की धमाकेदार जीत

*दूसरे मैच में नवल टाटा हॉकी अकादमी जमषेदपुर ने साई एनसीओई इम्फाल मणिपुर को 1 के मुकाबले 6 गोल से हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मैच में पहले ही मिनट से नवल टाटा ने गोल करना प्रारंभ कर दिया था और हर क्वार्टर में उसके खिलाड़ी गोल करते गए। टाटा की ओर से सत्यम ने 2 गोल सुखनाथ, गुरिया, दीपक सोरेन, अब्दुल कादिर एडिसन मिंज ने 1-1 गोल किया। वहीं इम्फाल की ओर से एक मात्र गोल 42वें मिनट में अमन कुमार ने किया।*

### लकरा के दो गोल से जीता कोलकाता

*आज के तीसरे एवं अंतिम मैच में दक्षिण पूर्व रेलवे के मैच के प्रारम्भ के 7वें मिनट में कोलकता ने पेनाल्टी कार्नर बनाया जिसे अमनदीप लकरा ने गोल में तब्दिल कर 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे क्वार्टर के 18वें मिनट में महाराष्ट्र के प्रताप शिंदे ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर स्थिति 1-1 की बराबरी पर ला दी। इसके बाद रेलवे कोलकता के खिलाड़ियों ने 19वें मिनट में, अमनदीप लकरा 28वें मिनट में, लबन लुगुन 42वें मिनट में नोएल टोपनो के गोल से बढ़त 4-1 बना ली। मैच के अंतिम क्वार्टर के 56वें मिनट में महाराष्ट्र के गणेश पाटिल ने पेनाल्टी कार्नर से गोल किया। लेकिन दूसरे ही मिनट में रेलवे के सुनीत लकरा ने गोल करते हुए अपनी टीम को 5-2 गोल की निर्णायक बढ़त दिलाते हुए अपले दौर में प्रवेश किया।*

## विष्णु पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई



***एडीलेड।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय सेलर (पाल नौकायन खिलाड़ी) बने जब उन्होंने बुधवार को यहां विश्व चैंपियनशिप के जरिए पेरिस खेलों में जगह बनाई। मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार 24 साल के सरवनन ने यहां आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया। वह पेरिस 2024 खेलों के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी हैं। सरवनन एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा। सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। मानक नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। विष्णु 2019 अंडर-21 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता हैं।*

# श्रीकांत की थाईलैंड मास्टर्स में शानदार जीत, मंजूनाथ से होगा अगला मुकाबला

एजेंसी ▸▸| बैंकॉक

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया।

श्रीकांत दूसरे दौर में हमवतन मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे, जिन्होंने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। समीर वर्मा हालांकि पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस के खिलाफ 14-21, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए। मालविका बंसोड़ और अस्मिता चालिहा ने महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में जगह बनाई। अस्मिता ने वोंग लिंग चिंग को 21-10, 21-16 से शिकस्त दी जबकि मालविका ने पेरू की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार को 22-20, 21-8 से हराया।



# सचिन तेंदुलकर ने खाता खोलने किया था तीन मैच तक इंतजार

एजेंसी ▸▸| मुंबई



दुनिया के सबसे महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को खाता खोलने के लिए तीन मैच तक इंजतार करना पड़ा था। पहले और दूसरे मैच में शून्य पर आउट होने के बाद कॅरियर के तीसरे मैच में एक रन बनाकर आउट हो गए थे।

तेंदुलकर ने बुधवार को इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में कहा, 'अपने जीवन के पहले मैच में मैंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। मेरे सभी मित्र आए और मैं पहली गेंद पर आउट हो गया जो काफी निराशाजनक था। मैंने कुछ बहाने बनाए जो आमतौर पर गली क्रिकेट में स्वीकार्य होते थे। मैंने कहा कि गेंद नीची रह गई थी और वे सभी मान गए। मैंने अगले मैच में उन्हें फिर बुलाया और मैं फिर पहली गेंद पर आउट हो गया। मैंने फिर बहाना बनाया और कहा कि गेंद थोड़े अधिक उछाल के साथ आई थी और यह पिच की गलती थी, मेरी नहीं। लेकिन तीसरे मैच में मैंने कहा कि मैं उन्हें नहीं बुलाऊंगा क्योंकि मैं उनका समय बर्बाद कर रहा हूं। मैं अकेला जाऊंगा।' तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। मैं गया और मैंने एक रन बनाया। मुझे याद है कि मैंने पांच-छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुआ। लेकिन कहीं मैं खुश था, मैंने एक रन बनाया था। मैं शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गया। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि मैंने एक रन बनाया था।'



# क्या है आम बजट और अंतरिम बजट में अंतर?

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को अंतरिम बजट 2024 पेश करेंगी। हर साल बजट दस्तावेज पेश होने से एक दिन पहले केंद्र सरकार आर्थिक सर्वेक्षण पेश होता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। इस बार आम चुनाव के कारण जरूरी वित्तीय कार्यों के प्रबंधन के लिए सरकार अंतरिम बजट पेश करेगी। पूर्ण बजट लोकसभा चुनाव संपन्न होने और नई सरकार के गठन के बाद पेश किया जाएगा। आइए जानते हैं बजट से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें-

## आज पेश होने वाला है बजट, आइए जानते हैं इससे जुड़े अहम बिंदु

### आर्थिक सर्वेक्षण क्या है?

यह वार्षिक वित्तीय विवरण से पहले वर्ष में एक बार प्रस्तुत किया जाने वाला एक विस्तृत दस्तावेज है। दस्तावेज में केंद्र सरकार के सभी महत्वपूर्ण विकासात्मक कार्यक्रम शामिल हैं। यह केंद्र सरकार की नीतिगत पहलों पर भी प्रकाश डालता है।




### अंतरिम बजट क्या है?

देश में जिस वर्ष आम चुनाव होते हैं उस साल सरकार अंतरिम बजट का उपयोग देश की मशीनरी को बिना किसी अड़चन के आगे बढ़ने में मदद करने के लिए करती है। अंतरिम बजट भी फरवरी में पेश किया जाता है, हालांकि, यह आने वाले पूरे वित्तीय वर्ष के बजाय, चालू वित्त वर्ष के बचे महीनों को कवर करता है। अंतरिम बजट यह सुनिश्चित करने के लिए पेश किया जाता है कि वेतन, पेंशन और कल्याण कार्यक्रमों जैसी आवश्यक सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रह सकें। अंतरिम बजट में सरकार किसी भी बड़ी नीतिगत घोषणा या कराधान में किसी बड़े बदलाव से बचती है, ताकि चुनावी मौसम से पहले मतदाताओं को किसी भी तरह से प्रभावित करने से बचा जा सके। अंतरिम बजट निवर्तमान सरकार के कार्यकाल के शेष महीनों के लिए एक अस्थायी वित्तीय रोडमैप के रूप में कार्य करता है। अंतरिम बजट में शामिल अनुमोदन प्रक्रिया भी कम जटिल है। इस पर बहुत अधिक संसदीय चर्चा भी नहीं होती है।

### लेखानुदान क्या है?

हालांकि, एक बार चुनाव संपन्न होने और नया वित्तीय वर्ष शुरू होने के बाद, नई सरकार के गठन और आधिकारिक रूप से कार्यभार संभालने से पहले एक छोटी अवधि होती है। इस महत्वपूर्ण अवधि में सिस्टम कैसे काम करता है यह भी जानना जरूरी है। इसके लिए लेखानुदान की जानकारी जरूरी है। चुनाव संपन्न होने और नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद देश के सिस्टम में निरंतरता सुनिश्चित करने और प्रशासन व संचालन में किसी भी प्रकार की रुकावट से बचने के लिए 'लेखानुदान' का इस्तेमाल किया जाता है। यह सुविधा देश का प्रशासनिक और आर्थिक इंजन चलता रहे यह सुनिश्चित करने के लिए है। यह एक अस्थायी उपाय है और नई सरकार को एक सीमित अवधि के लिए भारत की समेकित निधि से धन का उपयोग (आमतौर पर दो महीने के लिए) करने का अधिकार देता है। इसका प्रावधान इस लिए किया गया है ताकि वेतन और जारी कल्याण कार्यक्रमों जैसे तत्काल खर्चों का प्रबंधन किया जा सके।

### आम बजट या नियमित बजट

वार्षिक बजट हर साल फरवरी में पेश किया जाता है और यह आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 1 अप्रैल से 31 मार्च तक का पूर्ण वित्तीय विवरण होता है। इस दस्तावेज़ में करों और अन्य उपायों के माध्यम से सरकार के राजस्व स्रोतों की एक व्यापक सूची शामिल होती है। इसके अलावे इसमें बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले सुझाए गए व्यय भी शामिल होते हैं। यह दस्तावेज आने वाले पूरे वित्तीय वर्ष के लिए देश के लिए एक विस्तृत वित्तीय रोडमैप प्रदान करता है, देश के वित्तीय लक्ष्यों व नीतिगत पहलों को निर्धारित करता है और देश के आर्थिक ढांचे को आकार देता है। नियमित बजट में पारित होने से पहले व्यापक संसदीय बहस, जांच, संशोधन और चर्चा भी की जाती है।

**नोएडा में मुस्लिम युवक फ्री में बांट रहा खाना**

# नाम में राम-सीता, लक्ष्मण और हनुमान तो मिलेगा फ्री में खाना

एजेंसी ▶▶| नोएडा

इन दिनों प्रभु श्रीराम के नाम की धूम मची हुई है। हर किसी की जुबां पर राम का नाम है। इसी कड़ी में नोएडा के सेक्टर 16 मेट्रो स्टेशन के पास लगे एक बैनर पर हर किसी की निगाह थम जा रही है। बैनर में राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की फोटो है। बैनर के नीचले हिस्से में लिखा हुआ है कि अगर आपके नाम में राम-सीता, लक्ष्मण और हनुमान आता है को आपको हमेशा फ्री में खाना मिलेगा। ठीक इसी बैनर के नीचे एक छोटी सी फूड वैन में खड़ी होती है। इस फूड वैन को ओवैस खान नाम के युवक चलाते हैं। इस फूड वैन के माध्यम से वह अपने घर की रोजी-रोटी चला रहे हैं। लेकिन फिर भी ओवैस खान उन लोगों को फ्री में खाना खिला रहे हैं, जिनके नाम राम-सीता, लक्ष्मण या हनुमान होगा। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए ओवैस खान ने कहा, 'जब राम मंदिर का उद्घाटन हुआ तो कई




लोग हम पर तंज कस रहे थे कि तुम्हें तो खुशी नहीं हुई होगी। ऐसे लोगों को ही मैंने मैजेस देने की कोशिश की है कि ये हिंदू-मुस्लिम एकता की बात है और उनकी एकता को कोई तोड़ नहीं सकता है। हमें भी राम मंदिर की उतनी ही खुशी है, जितनी हिंदुओं को है। इसके अलावा ओवैस खान ने कहा, 'वैसे तो दिन में तीन-चार लोग ही आते हैं, जिनके नाम राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान से शुरू होते हैं। तो ऐसे लोगों से हम किसी तरह की कोई आईडी नहीं मांगते लेकिन अगर यह संख्या बहुत हो जाएगी तो हम उनसे कोई आईडी मांगेंगे. ओवैस खान ने कहा, 'ऐसे तो कई लोग मजाक में अपने नाम में राम लगाकर बताते हैं लेकिन पैसे देकर जाते हैं।

**हरिभूमि माह जनवरी 2024 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 30 दिन | 5.00 | 150.00 |
| | कुल | 150.00 |

**हरिभूमि के सुधि पाठक जनवरी 2024 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।**

व्यवस्थापक


**मधुमेह**
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

# अवैध निर्माण बचाने मोदी और योगी को बना दिया द्वारपाल

**गुजरात की घटना**

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात के अंकलेश्वर जिले में एक शख्स ने अपने अवैध निर्माण को गिरने से बचाने के लिए एक मंदिर का निर्माण करवा दिया। भरूच-अंकलेश्वर शहरी विकास प्राधिकरण इस अवैध निर्माण पर कारवाई करने वाला था। दरअसल मोहनलाल गुप्ता ने कथित तौर पर पिछले साल खरीदी गई इमारत में एक अतिरिक्त मंजिल का निर्माण किया था। इस इमारत पर भगवान राम, सीता और लक्ष्मण की मूर्तियों को एक साथ रख मंदिर बनवाया गया है। इसके अलावा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलती-जुलती मूर्तियां मंदिर के बाहर 'सुरक्षा गार्ड' के तौर पर स्थापित की गई हैं।



**यह है मामला** : अंकलेश्वर के गढ़खोल गांव में जनतानगर सोसायटी में रहने वाले मनसुख रखसिया ने अवैध निर्माण की शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद अधिकारी इमारत का निरीक्षण करने पहुंचे। ये सब देखते हुए मोहन लाल गुप्ता ने छत पर मंदिर का निर्माण करवा दिया। इस बारे में ताजा शिकायतों के बाद अधिकारियों ने मंगलवार को मौके का दौरा किया और पाया कि जिस मंजिल पर मंदिर बनवाया गया था वह बिना जानकारी के बनाई गई थी और अवैध थी। भरूच-अंकलेश्वर शहरी विकास प्राधिकरण ने अब मोहन लाल गुप्ता को जरूरी दस्तावेज जमा करने के लिए सात दिन का समय दिया है। गुप्ता के मुताबिक जितेंद्र ओझा जिनसे उन्होंने पिछले साल संपत्ति खरीदी थी, ने 2012 में गडखोल ग्राम पंचायत से निर्माण की अनुमति पहले ही ले ली थी।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान



कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

बैद्यनाथ असली आयुर्वेद काढ़ा



जोड़ो का दर्द
सूजन
ऐठन



हरारत
बदन दर्द
आखें लाल होना

महारास्नादि काढ़ा
(गुग्गुल युक्त)
वात रोगों में दर्द से छूटकारा दिलाने में सहायक।
बदलते मौसम के कारण वातरोगों कि शिकायते काफी बढ़ जाती है ऐसे समय लिजीये बैद्यनाथ महारास्नादि काढा (गुग्गुलु युक्त) यह जोडों का दर्द, सुजन, ऐठन आदि को दूर करने में सहायक है।




इनसे बचने के लिए असली चिरायतायुक्त..
महासुदर्शन काढ़ा
वर्तमान समय में होनेवाली तकलीफें हाथपाँव का जकड़ना, मुँह का स्वाद कडवा होना, भूख न लगना, सिरदर्द, आखें लाल होना, बदन दर्द, आदि तकलीफें दूर करने में उपयोगी।




वैद्यकीय सलाह : 844 844 4935
www.baidyanath.co




ALL NEW 4 VALVE OIL COOLED ENGINE
SPLIT SEAT (INTERCHANGEABLE UNIBODY SEAT≈)
≈AS AN ACCESSORY
KYB USD FORKS
Hero CONNECT 2.0 — ADVANCED TELEMATIC SOLUTION
LOW DOWN PAYMENT ₹14,999~

Exchange Powered By Wheels of Trust^^
SCAN FOR BEST RESALE VALUE
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY**
**Conditions apply
WORLD'S NO.1 22 YEARS IN A ROW$ MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY
XSENS with PROGRAMMED FI

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. $Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22) ~Financial scheme is at the sole discretion of financiers & subject to its respective terms and conditions. Offer is for limited period or till stock lasts. Offers amount & combination of offers may vary for model/variant & states. *Fastest compared to all oil & air cooled engine motorcycles in the 160cc segment as per internal testing. #Lightest compared to all oil cooled engine motorcycles in the 160cc 4V segment.

SCAN TO KNOW MORE

**Authorized Dealers: RAIPUR:** Chhattisgarh Hero 9289922351, Aarsan Hero 9289922864, Rajdhani Hero 9289922414, **Rajnandgaon**: Jai Hero 9289922357, **Dhamtari:** Satyom Hero 9289922525, **Kanker**: Rahul Hero 9289922834, **Mahasamund:** Vats Hero 9289922623, **Baloda Bazar:** Agarwal Hero 9289922959, **Arang:** Shri Ram Hero 9289922968, **Bemetra:** Shri Sai Hero 9289922835, **Kawardha:** Saraswati Hero 9289922958, **Jagdalpur:** Vizay Pal Hero 9289923064, **Dantewada:** Jai Vijay Hero 9289922990, **Dalli Rajhara:** Laxmi Hero 9289922983, **Bhatapara:** Kushal Hero 9289923052, **Bhilai:** Indian Hero 9289922355, **Durg:** Utsav Hero 9289923114, Chauhan Hero 9289922411, **Associate Dealer: Raipur:** Sanjay Auto Wheel 9289924245, 0771-4266555, **Pandariya:** Lalit Services 8770383767, **Authorized A.S.C: Ranjhi:** Gurudev Automobiles 9977280000, **Kharora**: Agrawal Motors 9424212141, **Saraipali:** Bansal Auto 9425513611, **Dongargarh:** Yuvraj Motorss 8085160380, **Tilda:** Aarson Motors 9340335266, **Nagri:** Harsh Auto 8109502100, **Patan:** Divya Auto 9893492107, **Bagbahara:** Priyanka Autocare 9131058752, **Charama**: Rathore Automobile 7470360334, **Kondagaon:** Ahuja Automobile 9131794017, **Narayanpur:** Guru Nanak Auto 9425596290, **Keshkal**: Sahil Auto Sales 9893199247, **Jhagrendih:** Kiran Autokengmar 9754069392, **Pharasgaon:** Raja Automobiles 9425594144, **Berla**: Kanha Motors 9893126700, **Kasdol:** Bajrang Motors 9425511973, **Balod**: Jain Auto Care 9425563502, **Limitra**: Maa Sarveshwari Automobiles 9301361155, **Gariyaband:** Chhattisgarh Auto Care 8319358443, **Charoda**: Satyam Automobiles 9977155055, **Gunderdehi:** M.M. Auto 8720051135, **Jamul:** Jai Ambe Auto Agency 9826386346, **Risali:** Bharat Motors 9993417123, **Dealer Extension Counter: Raipur:** Aarson Hero (fafadih) 7428587575, 0771-4000233, **Bhilai** (Supela) Indian Hero -4911301, 8305597651, Chhattisgarh Hero ( Bhatagaon) 7428048702, **Authorized Dealer Representative: Bhanpuri:** Aparsha Automobiles 9757788320, 6261336946, **Baniyagaon:** Santu Autocare 7999887434, 9131461749, **Sukma : Ashutosh Autocare** 9425260291, 89696789, **Additional Workshop: Raipur**: Aarson Motors (fafadih) 0771-4000233, Arson Motors (Tikarpara ) 2274333/666, Rajdhani Auto Care, (Ring Road No.1, Telibandha Chowk) 2428555 For Genuine Spare Parts, contact: Authorized Stockist: Sanjay Automobile 2226732/7474, **Hero Sure** (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **Raipur:** Aarson Hero 9285052266, **Bhilai:** Iindian Hero 9289922355, Dalli Rajhara: Laxmi Hero 9289922983.

WT.5685.2024

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com